**के.एस. सेतु माधवन** मलयालम सिनेमा की बड़ी हस्तियों में से एक है। वे अपनी फिल्मों में मानव मूल्यों की तलाश करते रहे है। इस वर्ग की उनकी दो विख्यात फिल्में है: **आदिमकाल** और **ओप्पोल**। **ओप्पोल** फिल्म को 1981 में द्वितीय सर्वोत्तम कथाचित्र का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। सेतु माधवन प्रगतिशील विचारों के है और अब तक वे तमिल, कन्नड़ और सिंहली भाषाओं में 60 से अधिक फिल्में बना चुके है। 1970 से 1972 तक लगातार तीन वर्ष उन्हें केरल राज्य का सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार मिला और उनकी कुछ अन्य प्रसिद्ध फिल्में है: **कारा काना काडल, पणी तिरथा वीडू** और **अचानम रप्पायम**।



**K.S. SETHU MADHAVAN,** one of the stalwarts of Malayalam Cinema, has been consistently exploring human values in his films and two of the best known films in genre include **Adimakal** and **Oppol,** the latter adjudged as the Second Best Feature film in 1981 National Film Awards. A prolific film maker and a man of progressive views, Sethu has made over 60 films including films in Tamil, Kannada and Sinhalese. Winner of Kerala State government's Best Director's award consecutively for three years (1970-1972) his other well known films include **Kera Kana Kadal, Pani Theeratha Veedu, Achanum Rappayum.**

# सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन पुरस्कार

## एन. पांडुरंगन

ध्वनि आलेखक **एन. पांडुरंगन** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का 1990 का पुरस्कार **एन. पांडुरंगन** को तमिल फिल्म **अंजलि** के लिए प्रदान किया गया है, जिसमें फिल्म के दृश्यात्मक प्रभाव को तीव्र करने के लिए ध्वनि का संयोजन अत्यंत सृजनात्मक ढंग से किया है।

# AWARD FOR THE BEST AUDIOGRAPHY

## N. PANDURANGAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Audiographer : **N. PANDURANGAN**

Citation

The Award for the Best Audiography of 1990 is given to **N. PANDURANGAN** for his work in the Tamil film **ANJALI** for aesthetically weaving the soundtrack in the most creative manner to enhance the visuals of the film.

48 वर्षीय **एन. पांडुरंगन** पिछले 28 वर्षों से रिकार्डिंग के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे मद्रास के प्रसाद स्टूडियो में ध्वनि आलेखक के रूप में काम कर रहे हैं। 1982 से 1984 तक लगातार 3 वर्ष उन्हें कर्नाटक सरकार द्वारा ध्वनि आलेखक के रूप में पुरस्कृत किया गया। 1986 में उन्हें आंध्र प्रदेश सरकार का पुरस्कार दिया गया।



**N. PANDURANGAN,** 48, has been in the Cine Recording business for twenty-eight years working as the Sound Recordist of Prasad Studios, Madras. As a Sound Recordist he was awarded by the Karnataka State government consecutively for three years (1982-84) and is a recipient of Andhra Pradesh government's Nanthi Award for his work in the film **Srivennila** in 1986.

## सर्वोत्तम सम्पादन पुरस्कार

### एम.एस. मणि

सम्पादक **एम.एस. मणि** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम फिल्म सम्पादन का 1990 का पुरस्कार **एम.एस. मणि** को मलयालम फिल्म **अय्यर दी ग्रेट** के लिए दिया गया है, जिसमें उनके चुस्त सम्पादन के कारण फिल्म के कलात्मक पक्ष में चार चाँद लग गये हैं।

## AWARD FOR THE BEST EDITING

### M.S. MONEY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Editor: **M.S. MONEY**

Citation

The Award for the Best Editing of 1990 is given to M.S. MONEY for his work in the Malayalam film IYER THE GREAT for slick well-placed editing which elevates the craft of the film.

**एम.एस. मणि** पिछले 40 वर्षों से फिल्मों का संपादन कार्य कर रहे हैं और अब तक मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिन्दी और सिंहली भाषाओं की लगभग 200 फिल्मों का संपादन कर चुके हैं। उन्हें मलयालम फिल्म **मरम** के लिए सर्वोत्तम क्षेत्रीय फिल्म का पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने मलयालम और तमिल फिल्मों तथा केरल राज्य के वृत्तचित्रों का निर्देशन भी किया है।



**M.S. MONEY:** Film Editor for over 40 years; edited over 200 feature films in Malayalam, Tamil, Telugu, Kannada, Hindi, Sinhalese; winner of regional best film award for Malayalam film *Maram*; directed Tamil and Malayalam films and Kerala government Documentaries.

## सर्वोत्तम कला निर्देशन पुरस्कार

### नितीश रॉय

कला निर्देशक **नितीश रॉय** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कला निर्देशन का 1990 का पुरस्कार **नितीश रॉय** को हिन्दी फिल्म **लेकिन** में युग विशेष के वातावरण को बनाये रखने और पूरी कुशलता के साथ चरित्रों को उभारने के लिए प्रदान किया गया है।

## AWARD FOR THE BEST ART DIRECTION:


### NITISH ROY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Art Director : **NITISH ROY**

Citation

The Award for the Best Art Direction of 1990 is given to **NITISH ROY** for his work in the Hindi film **LEKIN** for maintaining the era, etching the characters against the canvas, with perfect colour, design and execution.

**नितीश रॉय** की गिनती फिल्म जगत के जाने-माने कला निर्देशकों में होती है। उन्होंने इस क्षेत्र में 1981 में पदार्पण किया। उसी वर्ष उन्होंने मृणाल सेन की फिल्म **खारिज** के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। 1983-84 में उन्हें श्याम बेनेगल की फिल्म **मंडी** के कला निर्देशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। नितीश रॉय कई अन्य फिल्मों से सम्बद्ध रहे हैं, जिनमें मृणाल सेन की **खण्डहर**, गोविन्द निहलाणी की **पार्टी, आघात** और **दृष्टि**, श्याम बेनेगल की **त्रिकाल**, रमेश शर्मा की **न्यू दिल्ली टाइम्स**, मीरा नायर की **सलाम बाम्बे** आदि शामिल हैं। उन्होंने दूरदर्शन धारावाहिकों के लिए भी काम किया है। इनमें **तमस, कबीर, वागले की दुनिया, मिर्ज़ा गालिब** आदि उल्लेखनीय हैं। नितीश रॉय फिल्म प्रभाग और पश्चिम बंगाल सरकार के लिए निर्माता-निर्देशक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बंगला कथाचित्र **एक पोशला वृष्टि** का निर्देशन भी किया है।



**NITISH ROY,** one of the most renowned Art Directors in films ever since he joined the profession in 1981 in which year he did the decor for Mrinal Sen's **Kharij** and won the national as well as BFJA award. In 1983-84, he won the national and BFJA Award for his decor in Shyam Benegal's **Mandi** and in 1985 bagged the BFJA Award once again for his work in Kalpana Lajmi's **Ek Pal.**

In between he did the decor for a large number of well known films such as **Khandar, Genesis, Party, Aghaat, Jezeere, Drishti, Trikal, Sushman, New Delhi Times, Parinda, Kasba, Ek Romani Ho Jai, Salam Bombay** and **Ghayal.** He did decor for TV serials like **Tamas, Kabeer, Wagle Ki Duniya, Mirza Ghalib** and worked for a large number of Ad Films.

A student of Government College of Art &Craft, Calcutta he is a producer director with Films Division and West Bengal government. He has also directed a Bengali feature film **Ek Poshla Brishti**

# सर्वोत्तम वेशभूषा पुरस्कार

## भानु अथैया

वेशभूषाकार **भानु अथैया** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम वेशभूषा का 1990 का पुरस्कार **भानु अथैया** को हिन्दी फिल्म **लेकिन** के लिए दिया गया है जिसमें उन्होंने वेशभूषा की ऐसी परिकल्पना की है जिससे फिल्म की दृश्यात्मक गुणवत्ता में वृद्धि हुई है और उन्होंने हल्के रंगों का इस्तेमाल करके राजस्थानी वेशभूषा की गहरे एवं चटक रंगों की परम्परा को तोड़ा है।

# AWARD FOR THE BEST COSTUME DESIGNER

## BHANU ATHAIYA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/-to the Costume Designer: BHANU ATHAIYA

Citation

The Award for the Best Costume Designer of 1990 is given to **BHANU ATHAIYA** for her work in the Hindi film **LEKIN** for the texture and tone of the costumes, which heighten the visual quality of the film, breaking away from the traditional image of bright Rajasthani colours by using subdued pastel shades.

**भानु अथैया** ने चित्रकला में प्रथम श्रेणी से डिप्लोमा प्राप्त किया है तथा जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स की अध्येता हैं। उन्होंने वेशभूषा तथा फैशन डिजाईनिंग में फ्रांस से छात्रवृत्ति भी ली है। भारतीय फिल्म उद्योग में 1955-1991 के समय में भारतीय तथा पाश्चात्य वेशभूषा का कार्य कर चुकी हैं। उन्हें ऐटनबरो की फिल्म **'गांधी'** के लिए वेशभूषाकार का आस्कर पुरस्कार मिला। उन्होंने विदेशी सहयोग से निर्मित **अजूबा, ऐ मैमोरी ऑफ द फ्यूचर, सोहनी महिवाल, अली बाबा और चालीस चोर, शालीमार, सिद्धार्थ** और **गाईड** जैसी फिल्मों में वेशभूषाकार के रूप में कार्य किया है। वेशभूषाकार के रूप में इनकी कुछ प्रमुख फिल्में **ख्याल गाथा, सल्तनत, निकाह, नमकीन, तीसरी कसम, रेशमा और शेरा, साहिब बीबी और गुलाम** तथा **गंगा जमुना** हैं।



**BHANU ATHAIYA:** Internationally acclaimed Costume Designer and the first ever Indian to be nominated for the prestigeous Oscar award, which she received for her work in Richard Attenborough's GANDHI; has so far designed Costumes for over 300 films (practically covering all period and regions in the country including western costumes) ever since she entered the Bombay Film Industry in 1955; her costume design for some of the Co-productions include **Ajooba, Sohni Mahiwal, A Memoir of the Future, Ali Baba & 40 Chor, Shalimar, Siddharth, Guide;** design for some important Hindi films include **Khayal Gatha, Nikah, Namkeen, Teesri Kasam, Reshma Aur Shera, Sahib Bibi Aur Ghulam, Ganga Jamuna;** diploma holder in Painting, Fellow, J J School of Art; studied Fashion Designing in Paris under French Scholarship; Fashion illustrator-designer, for magazines and boutiques.

## सर्वोत्तम संगीत निर्देशन पुरस्कार

## हृदयनाथ मंगेशकर

संगीत निर्देशक **हृदयनाथ मंगेशकर** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का 1990 का पुरस्कार **हृदयनाथ मंगेशकर** को हिन्दी फिल्म **लेकिन** में परम्परागत धुनों और वाद्ययंत्रों का पूर्ण सृजनात्मकता और कुशलता के साथ इस्तेमाल करके कर्णप्रिय संगीत उत्पन्न करने के लिए प्रदान किया गया है।

## AWARD FOR THE BEST MUSIC DIRECTION

## HRIDAYANATH MANGESHKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Music Director: **HRIDAYANATH MANGESHKAR**

Citation

The Award for the Best Music Direction of 1990 is given to **HRIDAYANATH MANGESHKAR** for using traditional tunes and instruments creatively, with lilting melody and hanuting perfection in the Hindi film **LEKIN.**

**हृदयनाथ मंगेशकर** लम्बे समय से संगीतकार के रूप में फिल्मी दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने अनेक फिल्मों में संगीत निर्देशक के रूप में काम किया है। उनमें से कुछ प्रमुख फिल्में हैं: **मशाल, धनवान, सुबह, चक्र** और **महानन्दा**। उन्होंने संगीत निर्देशन के साथ-साथ मराठी भाषा में फिल्मों का निर्माण भी किया है। इन फिल्मों में **अन्तरीचढेवा, भव तेथे देव** और **सूनबाई** शामिल हैं।



**HRIDAYANATH MANGESHKAR** has been a Music Director of long standing. He has been the music director of a large number of films some of which include **Mashal, Dhanvan, Subah, Chakra, Mahananda.** Besides music he has also produced films in Marathi **Antarichadeva, Bhav Tethe Dev** and **Soonbai.**

# सर्वोत्तम गीतकार पुरस्कार

## गुलज़ार

गीतकार **गुलज़ार** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गीतकार का 1990 का पुरस्कार **गुलज़ार** को हिन्दी फिल्म **लेकिन** के गीतों में लयपूर्ण काव्य सृजन के माध्यम से अति सुन्दर बिम्बों की रचना के लिए प्रदान किया गया है।

# AWARD FOR THE BEST LYRICS

## GULZAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10.000/- to the Lyricist : **GULZAR**

Citation

The Award for the Best Lyrics of 1990 is given to **GULZAR** for his work in the Hindi film **LEKIN** for evoking beautfiul imagery, created through lyrical poetry.

**गुलज़ार** मूल रूप से कवि हैं और 40 के दशक में प्रगतिशील लेखक आंदोलन से जुड़े रहे। फिल्मों में गीतकार, पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने **आंधी, कोशिश, अचानक, किताब, मीरा, अंगूर** और **इजाज़त** जैसी फिल्मों का पटकथा लेखन और निर्देशन किया है। **मौसम** फिल्म के लिए उन्हें सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार और **कोशिश** के लिए सर्वोत्तम पटकथा लेखक का पुरस्कार मिला। 1988 में उन्हें **इजाज़त** फिल्म के लिए सर्वोत्तम गीतकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ। गुलज़ार ने कविता, कहानी और उपन्यासों की रचना की है। उन्होंने बच्चों के लिए अनेक पुस्तकें लिखी हैं।



**GULZAR,** Lyricist, script-writer and director by profession, has been basically a poet of modern sensitivity and was closely associated with the progressive writer's movement in the 40's. Since his introduction to cinema he has written and directed films like **Aandhi, Koshish, Achanak, Kitab, Meera, Angoor** and **Ijaazat** and won the Best Director's award for **Mausam,** the Best Sereenplay writer's award for **Koshish** and in 1988, the Best Lyricist award for **Ijaazat.**

Gulzar is the author of three books of poetry, short story and novelette; author of a dozen books for children his story named Ekta won the NCRT award in 1989. Born in Jhelum in Pakistan in 1936 he had his schooling in Delhi and later settled in Bombay.

## निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

### पंकज कपूर, सन्नी देओल और जया भारती

अभिनेता **पंकज कपूर, सन्नी देओल** तथा अभिनेत्री **जया भारती** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

निर्णायक मंडल का 1990 का विशेष पुरस्कार अभिनेता **पंकज कपूर** को हिन्दी फिल्म **एक डॉक्टर की मौत** में उनके अभिनय के लिए दिया गया है जिसमें उन्होंने व्यवस्था की उस जड़ और निराशामूलक प्रणाली के संदर्भ में एक चिंतनशील, महत्वाकांक्षी और सृजनशील व्यक्ति की पीड़ा को बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है जो नया रास्ता खोजने वाली प्रवृत्ति को सफल होने का कोई मौका नहीं देती।

1990 का निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार अभिनेता **सन्नी देओल** को भी हिन्दी फिल्म **घायल में** एक ऐसे युवक का सफल अभिनय करने के लिए दिया गया है जो मौजूदा पुलिस व्यवस्था के बुरे पहलुओं का शिकार हो जाता है।

अभिनेत्री **जया भारती** को भी 1990 का निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार तमिल फिल्म **मरूपक्कम** में भावना की दृष्टि से उपेक्षित एक महिला की पीड़ा को मार्मिक ढंग से चित्रित करने के लिए प्रदान किया गया है।

## SPECIAL JURY AWARD

### PANKAJ KAPOOR, SUNNY DEOL and JAYABHARATHI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actors: **PANKAJ KAPOOR**, and **SUNNY DEOL** and the actress **JAYABHARATHI**

Citation

The Special Jury Award for 1990 is given to the Actor **PANKAJ KAPOOR** for his work in the Hindi film **EK DOCTOR KI MAUT** for having effectively projected the in-built trauma of an aspiring, thinking, creative mind, in the context of a demoralising, fossilized system of establishment that does not provide scope for fruition of a path-finding spirit.

The Special Jury Award for 1990 is also given to the Actor **SUNNY DEOL** for his work in the Hindi film **GHAYAL** for an effective portrayal of a youth, victimised by the inherent evil in aspects of the present police system.

The Special Jury Award for 1990 is also given to the Actress **JAYA BHARATHI** for her work in the Tamil film **MARUPAKKAM** for a touching portrayal of the agony of a woman who has been emotionally neglected, unwittingly.



**पंकज कपूर** ने टेलीविज़न कलाकार के रूप में अभिनय क्षेत्र में काम शुरू किया और बाद में वे फिल्म अभिनेता बन गये। इससे पहले वे कई नाटकों में भी अभिनय कर चुके हैं। **कर्मचन्द** और **कब तक पुकारूँ** उनके दो प्रमुख टेलीविज़न धारावाहिक हैं। पंकज कपूर ने **यह वो मंजिल तो नहीं, मैं जिन्दा हूँ, मढ़ी दा दीवा** आदि फिल्मों में शानदार अभिनय किया है।

**सन्नी देओल** फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के पुत्र हैं। उनका अभिनय जीवन 1983 में **बेताब** फिल्म से आरम्भ हुआ। इसके बाद उन्होंने **अर्जुन** फिल्म में अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। उन्होंने **सोहनी महिवाल, यतीम, पाप की दुनिया, त्रिदेव** आदि कई सफल फिल्मों में काम किया है। उनकी नवीनतम फिल्म **घायल** के लिए उन्हें फिल्मफेयर के सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार के लिए भी चुना गया है।

**जया भारती** दक्षिण भारत की सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री हैं। अभिनय के क्षेत्र में उन्हें बहुमुखी प्रतिभा की धनी माना जाता है। उन्होंने केवल मलयालम की ही 275 फिल्मों में अभिनय का कीर्तिमान कायम किया है। उन्होंने अपना फिल्मी जीवन मलयालम फिल्मों से ही आरम्भ किया लेकिन वह तमिल फिल्मों में भी बहुत लोकप्रिय हुईं। उन्हें अनेक पुरस्कार भी मिल चुके हैं। उन्हें लगातार 3 वर्ष तक केरल सरकार का सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार दिया गया।





**PANKAJ KAPUR** Television artiste and later a Cine artiste also, acted in a number of plays for National School of Drama Repertory. Acted in serials **Karamchand** and **Kab Tak Pukaroon** and films **Yeh Woh Manzil To Nahin, Main Zinda Hoon, Marhi Da Diva**

**SUNNY DEOL** following in the footsteps of his cine-actor father Dharmendra, made **Betaab, Arjun,** starred in a number of hit films **Sohni Mahiwal, Yateem, Vardi, Paap Ki Duniya, Tridev** etc. His last runaway hit was **Ghayal**.

**JAYABHARATHI,** a veteran actress she holds the astounding record of having acted in more than 275 films in Malayalam alone. Starting her career as a dancer and actress in Malayalam and Tamil she bagged the Kerala government's Best Actress award consecutively for three years.

# सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र पुरस्कार

## जूज

निर्माता **बिपुल बरूआ** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **हेमन दास** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **जूज** को सामाजिक विषमताओं के ठोस यथार्थ को पूरी आस्था के साथ चित्रित करने के लिए प्रदान किया गया है।

# AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ASSAMESE

## JOOJ

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **BIPUL BARUAH**

Rajat Kamal and a cash Prize of Rs. 10,000/- to the Director : **HEMEN DAS**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Assamese of 1990 is given to JOOJ for attempting to portray, with conviction, the earthy realism in the field of social differences.



**बिपुल बरूआ** एक व्यापारी होने के साथ-साथ कलाओं, विशेषकर नाटक व सिनेमा में भी रुचि रखते हैं। उन्होंने असमिया के अनेक नाटकों का निर्देशन किया है और उनमें अभिनय भी किया है। उन्होंने अपने संगीत निर्देशन में असमिया भाषा के गीतों के कैसेट भी तैयार कराये हैं। **जूज** निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म है।

**हेमन दास** सरकारी कर्मचारी हैं और रंगमंच की प्रमुख हस्ती है। रंगमंच के सभी पहलुओं पर उनकी पकड़ है। उन्होंने नाट्य शिल्प नाम की पुस्तक भी लिखी है। उन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अनेक नाटकों का निर्देशन किया है और उनमें अभिनय किया है। वे दूरदर्शन के लिए भी काम कर चुके हैं। उन्होंने दो नाटक भी लिखे हैं। वे **आश्रय, कनकलता** और **पानी** फिल्मों में निर्देशक दुलाल राय के सहायक के रूप में काम कर चुके हैं। निर्देशक के रूप में **जूज** उनकी पहली फिल्म है।



**BIPUL BARUAH,** a businessman by profession, is proficient in arts too, especially theatre and cinema. He has taken part and produced and directed many stage plays as well as composing songs for Assamese cassettes. Besides **Jooj** which is his first venture he has also produced **Abuj Bedona.**

**HEMEN DAS,** a government employee, has been one of Assam's prominent stage personality, and proficient in all the aspects of theatre, play-writing, acting and direction and also the author of a book on theatre, Natya Silpa. He has been acting and directing plays on state and national level and for Doordarshan also. He also wrote two plays Shrimanta Sankardev and For A Peace War. He had been an assistant to director Dulal Roy for his film **Ashraya** and in other films **Kanaklata** and **Paani. Jooj** is his maiden directorial venture.

# सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र पुरस्कार

## आत्मजा

निर्माता **राजकुमार जैन** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **नब्येन्दु चटर्जी** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **आत्मजा** को एक माँ की मानसिक दशा का कुशलता पूर्वक चित्रण करने के लिए दिया गया है, जो धन-दौलत की व्यर्थता और मानवीय मूल्यों की चिरंतनता के द्वन्द्व में उलझी है।

# AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN BENGALI

## ATMAJA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **RAJ KUMAR JAIN**

Rajat Kamal and a cash prize of the Rs. 10,000/- to the Director : **NABYENDU CHATTERJEE**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Bengali of 1990 is given to **ATMAJA** for its masterly depiction of a mother's quest, torn between the hollowness of wealth and the transcendence of human values.



**राजकुमार जैन** एक युवा व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे अनामिका थियेटर ग्रुप के माध्यम से हिन्दी रंगमंच आन्दोलन से भी जुड़े रहे हैं। निर्माता के रूप में **आत्मजा** उनकी पहली फिल्म है।

**नब्येन्दु चटर्जी** ने सबसे पहले हिन्दी फिल्म **नया रास्ता** का निर्देशन किया। इसके बाद उन्होंने बंगला में **अद्वितीय, चिट्ठी, आज काल परशुर गल्पो** आदि फिल्मों का निर्देशन किया। उन्होंने सामाजिक विषयों पर फिल्मों के निर्देशन में शैली और विषय दोनों दृष्टियों से नये प्रयोग किये हैं, जिनकी व्यापक सराहना हुई है। उनकी फिल्म **परशुरामेर कुठार** को 1989 का द्वितीय सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार और सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार मिला। **आत्मजा** उनकी 9वीं फिल्म है।



**RAJ KUMAR JAIN,** a young businessman and a prominent social worker he has also been associated with Hindi theatre movement via Anamika theatre group. He has also been a producer of Bengali TV serial, and a secretary of Sri Digamber Jain Trust (Howrah). **Atmaja** is his first independent venture as a producer.

**NABYENDU CHATTERJEE** made his directorial debut with **Naya Rasta** in Hindi followed by **Adwittiya** (1968), **Chithi** (1973), **Ramur Pratham Bhag** (1974) and **Aaj Kal Parshur Galpo**-all in Bengali. He has experimented with both form and content in his films which received critical acclaim for his commitment to socially relevant themes. His latter films **Chopper** (1986) and **Sarisreep** (1988) were shown in various film restivals in India and abroad. His last film **Parashuramer Kuthar** (Bengali) bagged the second Best feature film award of 1989 and also the Best Actress Award. **Atmaja** is his ninth film.

## सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र पुरस्कार

### दृष्टि

निर्माता **गोविन्द निहलाणी** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **गोविन्द निहलाणी** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **दृष्टि** को मातृत्व की पीड़ा को कुशलतापूर्वक चित्रित करने के लिए प्रदान किया गया है।

## AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN HINDI

### DRISHTI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **GOVIND NIHALANI**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **GOVIND NIHALANI**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Hindi of 1990 is given to DRISHTI for depicting marital pain very effectively.

**गोविन्द निहलाणी** ने अपना फिल्मी जीवन कथाचित्र **शान्तता कोर्ट चालू आहे** से शुरू किया। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन सत्यदेव दुबे ने किया। श्याम बेनेगल की अनेक फिल्मों और वृत्तचित्रों के छायाकार के रूप में उन्होंने काफी प्रसिद्धि प्राप्त की। 1979 में निहलाणी को **जुनून** फिल्म के लिए सर्वोत्तम रंगीन छायांकन का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म **आक्रोश** को भारत के 1981 के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्वर्ण मयूर प्राप्त हुआ। उसी वर्ष उन्होंने रिचर्ड ऐटनबरो की फिल्म **गांधी** की दूसरी यूनिट का नेतृत्व किया। इसके बाद उनकी कुछ और प्रमुख फिल्में **विजयता, अर्धसत्य, पार्टी, आघात** आदि आईं। उन्होंने दूरदर्शन के लिए 5 घंटे के प्रसिद्ध धारावाहिक **तमस** का भी निर्देशन किया।



**GOVIND NIHALANI,** started his career with the feature film **Shantata court chalu Ahe**, co-produced and directed by Satyadev Dubey. Followed a highly rewarding association with Shyam Benegal for whom he photographed several documentaries, and ten feature films including **Junoon** for which he received the National award for Best colour Cinematography in 1979. **Aakrosh** is Nihalani's first feature film as a director-cinematographer, winner of the Golden Peacock at VIII international film festival 1981. The same year he headed the second unit of Richard Attenborough's **Gandhi. Vijayata, Ardha Satya, Party, Aghaat** followed. Nihalani directed **Tamas,** a 5-hour serial for Doordarshan. His **Jazere** and **Drishti** both featured in Panorama 1990 and 1991.

# सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र पुरस्कार

## मुथिना हारा

निर्माता **एस.वी. राजेन्द्र सिंह बाबू** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **एस.वी. राजेन्द्र सिंह बाबू** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **मुथिना हारा** को देशभक्ति का चित्रण अत्यन्त कुशलता के साथ करने के लिए प्रदान किया गया है।

# AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN KANNADA

## MUTHINA HAARA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **S.V. RAJENDRA SINGH** (Babu)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **S.V. RAJENDRA SINGH** (Babu)

Citation

The Award for the Best Feature Film in Kannada of 1990 is given to **MUTHINA HAARA** for effectively portraying patriotism.

**'बाबू'** के नाम से विख्यात **एस.वी. राजेन्द्र सिंह** कन्नड़ फिल्मों के प्रमुख निर्माता स्वर्गीय डी. शंकर सिंह के पुत्र हैं। उनकी माता प्रतिमा देवी भी अपने समय की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। राजेन्द्र सिंह ने बचपन में कई फिल्मों में अभिनय किया और पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने पिता की कम्पनी महात्मा पिक्चर्स में काम करने लगे। निर्देशक के रूप में उनका पहला प्रयास बाल फिल्म **बागराहोल** (1977) थी। इसके बाद उन्होंने **अन्त** और **सिंहदा मरी सैन्य** (1981) फिल्में बनाईं और इन सब को कर्नाटक राज्य पुरस्कार मिले। उन्होंने कई अन्य कन्नड़ फिल्में और तेलुगु फिल्में भी बनाईं। उनकी हिन्दी फिल्में हैं **मेरी आवाज सुनो, मेरा फैसला, शरारा** और **आग का दरिया**। 1985 में उनकी फिल्म **बंदना** को सर्वोत्तम कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार मिला।



**S.V.RAJENDRA SINGH,** popularly known as Babu, followed in the footsteps of his late father D. Shankar Singh, a pioneer of Kannada cinema and discoverer of many talents, and his mother Prathima Devi too was a veteran artiste of yester year. After graduation, Babu joined his father's company M/s Mahatam pictures and before that acted as a child artiste in a large number of films. He worked in the second unit of a Hollywood company during the shooting of Mighty Himalayan Man and made his directorial debut in 1977 with **Bagarahole,** a children's film and later **Antha** (1981) and **Simhada Mari Sainya** (1981) and all of them were awarded by Karnataka state government. He also made several other Kannada films, two in Telugu **Tena Manasalu, Prama Yuddam** and also in Hindi **Meri Awaaz Suno, Mera Faisla, Sharara, Agg Ka Dariya.** His **Bandana** won the Best Kannada Film award in 1985.

## सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र पुरस्कार

### वस्तुहारा

निर्माता **रविन्द्रनाथ** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **जी. अरविन्दन** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार (मरणोपरान्त)।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **वस्तुहारा** को प्रदान किया गया है, जिसमें समाज द्वारा दलित लोगों पर किये जाने वाले अत्याचारों का यथार्थ चित्रण उपलब्ध है।

## AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MALAYALAM

### VASTHUHARA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **RAVINDRANATH**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **G. ARAVINDAN (Posthumous)**

Citation

The award for the Best Feature Film in Malayalam of 1990 is given to **VASTHUHARA** for being a human document, depicting the cruelties meted out by society to the dispossessed.



**रवीन्द्रनाथ** पिछले दो दशकों से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने मलयालम की दो कला फिल्मों **यारो ओराता** और **अलीशन्ते अन्वेषणम्** में अभिनय भी किया है।

मलयालम सिनेमा के महारथी **जी. अरविन्दन** का हाल ही में निधन हुआ। उन्होंने अपना फिल्मी जीवन 1973 में शुरू किया और अनेक ऐसी यादगार फिल्में बनाईं जिनके कारण भारतीय सिनेमा में उनका नाम अमर हो गया है। वे चित्रकार-कार्टूनकार के रूप में भी प्रसिद्ध रहे हैं और एक मलयालम साप्ताहिक पत्रिका में उनके धारावाहिक कार्टून अत्यन्त लोकप्रिय हुए। विभिन्न नाटक मंडलियों के साथ काम करते हुए उन्होंने अनेक नाटकों का निर्माण किया। उनके निर्देशन में बनी आठ फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार और लोगों की प्रशंसा प्राप्त हुई। उनकी फिल्में हैं **उत्तरायणम्, कंचनसीता, थम्पू, इस्थापन, कुमट्टी, पोकुवेईल, चिदम्बरम्** और **ओरिडथ**।



**RAVINDRANATH;** Working in film production for the last two decades. Acted in lead roles in two off beat Malayalam films, **Yaro Oral** and **Aliciente Aneshwanam.**

**G. ARAVINDAN,** who died recently, had started his film career in 1973 and left behind a body of work for which he will be remembered for long. Though he continued to work with Kerala Rubber Board his talents and interests remained unfettered and has been a distinguished painter and cartoonist and created his popular cartoon serial, "The small man and the Big world" for a Malayalam weekly; he worked with different theatre groups and produced classical and folk plays. All the eight films directed by him **Uttarayanam, Kanchana Sita, Thampu Esthappan, Kummatty, Pokkuveyil, Chidambaram** and **Oridath** won national awards and critical acclaim.

# सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र पुरस्कार

## अंजलि

निर्माता **मैसर्स सुजाता प्रॉडक्शंस प्रा. लि.** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **मणि रत्नम्** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **अंजलि** को प्रदान किया गया है, जिसमें मानसिक रूप से अविकसित लोगों की भावनात्मक निकटता का बखान करने के लिए संगीत और ध्वनि का कुशल इस्तेमाल करते हुए फिल्म शैली का विलक्षण प्रयोग किया गया है और उच्चतम् सौन्दर्यपरक श्रेष्ठता को प्राप्त किया गया है।

# AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TAMIL

## ANJALI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **M/s SUJATHA PRODUCTION PVT. LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **MANI RATNAM**

Citation

The award for the Best Feature Film in Tamil of 1990 is given to **ANJALI** for its unusual usage of film form, utilising music, choreography and sound with depth, achieving the highest aesthetic excellence to narrate the emotional nearness of the mentally retarded.

**मणि रत्नम्** वाणिज्य स्नातक है और उन्होंने एम.बी.ए. की डिग्री प्राप्त की है। निर्देशक के रूप में उनकी प्रथम फिल्म थी **पल्लवी अनुपल्लवी** (कन्नड़)। इसके बाद उन्होंने मलयालम फिल्म **उनरु** और दो तमिल फिल्मों **पगाल निलावु** और **इदया कोइल** का निर्देशन किया। इनकी तमिल फिल्मों **मौन रागम्** और **नायकन** को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले और **अग्नि नक्षत्रम** बहुत लोकप्रिय हुई। उनकी तेलुगु फिल्म **गीतांजलि** को भी राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



**MANI RATNAM,** a commerce graduate and a MBA, eschewed both commerce and adminstration to get fully involved in film making. **Pallavi, Anupallavi** (Kannada) is his first directorial venture. Followed **Unuru** (Malayalam), **Pagal Nilavu, Idaya Koil** (Tamil). His Tamil films **Mouna Ragam** and **Nayagan** have bagged national awards while **Agni Natchatram** became a box office hit. His Telugu film **Gitanjali** also bagged a national award.

# सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र पुरस्कार

## माटी मनुशुलु

निर्माता **के. मुखर्जी** और **वेद कुमार** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **बी. नरसिंग राव** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **माटी मनुशुलु** फिल्म को जीवन के कष्टों और समस्याओं से पैदा हुई पीड़ा का एकदम यथार्थ चित्रण करने के लिए प्रदान किया गया है।

# AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TELUGU

## MATTI MANUSHULU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **K. MUKHERJEE** and **VEDA KUMAR**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **B. NARSING RAO**

Citation

The award for the Best Feature Film in Tamil of 1990 is given to **MATTI MANUSHULU** for portraying the stark reality of pain which has been underlined with the warm hues of life.







**के. मुखर्जी** आन्ध्र विश्वविद्यालय के स्नातक है और उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है, इनमें **जेबु डोंगा, जुडा गड्डू, ईद्दारु इदारे, निप्पुलांति निजाम** आदि शामिल हैं। उन्होंने हिन्दी फिल्म **नया कदम** का भी निर्माण किया।

**वेद कुमार** ने मैसूर विद्यालय से इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। वे बाल शिक्षा और बाल पत्रिकाओं के प्रकाशन के काम में सक्रिय रहे है। उन्होंने दो वृत्तचित्रों **दि सिटी** और **मा ऊरु** तथा तेलुगु कथाचित्र **दासी** के कार्यकारी निर्माता के रूप में कार्य किया है।

**बी. नरसिंग राव** ने ललित कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वे चित्रकला के साथ-साथ रंगमंच, संगीत, साहित्य, छायांकन और फिल्म निर्माण में भी सक्रिय रहे हैं। 1979 में उन्होंने **मा भूमि** फिल्म का सह-निर्माण और संगीत निर्देशन करने के साथ-साथ उसके गीत भी लिखे। 1983 में उनकी फिल्म **रंगुला कला** को सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र पुरस्कार मिला। 1988 में उनकी फिल्म **दासी** को 5 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले और साथ ही 1989 के मास्को फिल्म समारोह में उसे प्रमाण पत्र मिला। यह फिल्म म्युनिख और कार्लोवी वेरी फिल्म समारोहों में भी दिखलाई गई। उनके वृत्तचित्र **मा ऊरु** को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

**K. MUKHERJEE,** a graduate from Andhra university, has produced a number of films in Telugu **Jebu Donga, Juda Gaddu, Iddaru Iddare, Nippulanti Nijam.** He has also produced a film in Hindi **Naya Kadam.**

**VEDA KUMAR,** a Engineering graduate from Mysore university has been associated with child education and publications of Children's magazines. He has been the executive producer of two documentaries **The city** and **Maa Ooru** and feature film **Dasi** in Telugu.

**B. NARSING RAO** went to School in Alwal, a suburb of Hyderabad-Secunderabad. After his training in fine arts college he involved himself not only with painting but also with theatre, music, literature, photography and finally film making. He co-produced and composed music and lyrics for **Maa Bhoomi** (1979). He directed, produced and composed music for **Rangula Kala** which won the best Telugu feature film award in 1983. In 1988, his film **Dasi** won five national awards apart from a Diploma of Merit in Moscow film festival 1989, and was also shown in the Munich and Karlovy Vary festivals. His documentary **Maa Ooru** has also won a national award.

## संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं से इतर भाषाओं में सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

### इशानऊ (मणिपुरी)

निर्माता **अरिबम श्याम शर्मा** को रजत कमल और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **अरिबम श्याम शर्मा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं से इतर भाषाओं में सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार मणिपुरी फिल्म **इशानऊ** को मिबी प्रथा के उन दुखद परिणामों का कुशलतापूर्वक चित्रण करने के लिए प्रदान किया गया है, जिनसे एक परिवार बिखर जाता है।

## AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN LANGUAGES OTHER THAN THOSE SPECIFIED IN SCHEDULE VIII

### ISHANOU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer: **ARIBAM SYAM SHARMA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **ARIBAM SYAM SHARMA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Languages Other Than Those Specified in Schedule VIII of the Constitution of India is given to the Manipuri film **ISHANOU** for effectively portraying the tragedy behind the institution of Meibi which unfortunately shatters a family.

**अरिबम श्याम शर्मा** ने विश्वभारती विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन और शास्त्रीय संगीत में मास्टर डिग्री प्राप्त की। मणिपुरी नाटकों में उन्होंने निर्देशक, अभिनेता और गायक के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की। 1974 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म **लामजा परशुराम** का निर्माण किया। 1981 में उन्होंने **इमागी निंगथेम** फिल्म बनाई जिसे राष्ट्रीय फिल्म समारोह में रजत कमल प्राप्त हुआ और वह कलकत्ता फिल्मोत्सव में दिखाई गई। कई अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भी इस फिल्म का प्रदर्शन हुआ। उन्होंने 8 वृत्तचित्र भी बनाये, जिनमें से **संगाई** और **दि डियर आन दि लेक** को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। **दि डियर आन दि लेक** को पिछले वर्ष सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।



**ARIBAM SYAM SHARMA** mastered Indian philosophy and classical music in Viswabharati university. His involvement in Manipuri theatre saw him emerging as an actor, director and a vocalist. He made his first film **Lamja Prashuram** in 1974. In 1981, he made **Imagi Ningthem** which featured in Panorama in Calcuttta Filmotsav and also bagged a Rajat Kamal in National Film Festival. The film was also awarded the Grand Prix at the festival of Three Continents at Nantes in 1982 and shown in New York, London, Locarno, Montreal and other festivals. Two of his eight documentaries have won international awards - **Sangai,** a ballet film and **The Deer on the Lake,** the latter won the national award for Best Environment/ Preservation Film in 1990

## विशेष उल्लेख

### अनौबम किरणमाला

कथाचित्र निर्णायक मण्डल ने मणिपुरी फिल्म **इशानऊ** में **अनौबम किरणमाला** के अभिनय का विशेष उल्लेख किया है जिसमें उन्होंने फिल्मों में पहली बार अभिनय करते हुए मानवीय द्वन्द्व के विभिन्न स्तरों को अभिव्यक्त किया है।

## SPECIAL MENTION

### ANOUBAM KIRANMALA

The Feature Film Jury makes a Special Mention of **ANOUBAM KIRANMALA** for her work in the Manipuri film **ISHANOU** for a debut performance depicting various levels of conflict effectively.

**अनौबम किरणमाला देवी,** मणिपुर के थिएटर मिरर की मुख्य अभिनेत्री हैं। वे सर्वोत्तम अभिनेत्री का राज्य पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। वे लाईहरोबा नृत्य और लोक-गीतों में काफी निपुण हैं। इशानऊ उनकी पहली फिल्म है।



**ANOUBAM KIRANMALA DEVI,** leading actress of Theatre Mirror of Manipur, winner of state award for best actress, proficient in Laihar-aoba dance and folk songs, makes her debut in **Ishanou.**

## पुरस्कार जो नहीं दिए गए

1. राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार
2. परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार
3. पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार
4. सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार
5. सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र पुरस्कार
6. सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र पुरस्कार
7. सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र पुरस्कार
8. सर्वोत्तम सिंधी कथाचित्र पुरस्कार
9. सर्वोत्तम उर्दू कथाचित्र पुरस्कार

## निम्नलिखित भाषाओं में प्रविष्टियाँ प्राप्त नहीं हुईं

1. गुजराती
2. कश्मीरी
3. संस्कृत

## AWARDS NOT GIVEN

The Feature Film Jury did not give the following awards:

1. Nargis Dutt Award For the Best Feature Film on National Integration
2. Best Film On Family Welfare
3. Best Film on Enviornment/Conservation/Preservation
4. Best Children's Film
5. Best Marathi Feature Film
6. Best Oriya Feature Film
7. Best Punjabi Feature Film
8. Best Sindhi Feature Film
9. Best Urdu Feature Film

## ENTRIES NOT RECEIVED IN THE FOLLOWING LANGUAGES:

1. Gujarati
2. Kashmiri
3. Sanskrit

# ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार Awards for Non-Feature Films

# सर्वोत्तम गैर-कथाचित्र पुरस्कार

## ग्रेवन इमेज

निर्माता **सुमितेन्द्र नाथ टैगोर** और **श्यामाश्री टैगोर** को स्वर्ण कमल और 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **अभिजीत चट्टोपाध्याय** को स्वर्ण कमल और 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गैर-कथाचित्र का 1990 का पुरस्कार **ग्रेवन इमेज** को एक मूर्तिकार के जीवन का सुन्दर चित्रण करने, उसकी कला की विशेषताओं को उजागर करने तथा एक व्यक्ति और एक कलाकार की जीवनी को उसके समय के साथ संयोजित करने और इस उद्देश्य को फिल्म कला के उच्चतम् मूल्यों का निर्वाह करते हुए प्राप्त करने के लिए दिया गया है।

# AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM

## GRAVEN IMAGE

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Producers: **SUMITENDRA NATH TAGORE** and **SHYAMASREE TAGORE**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Director: **ABHIJIT CHATTOPADHYAY**

### Citation

The Award for the Best Non-Feature Film of 1990 is given to **GRAVEN IMAGE** for combining the intimate portrayal of a sculptor in terms of biographical detail, bringing in the nuances of his art, summing up to an excellent portrait of a person, an artist, a period, and achieving this with high cinematic values.



**सुमितेन्द्र नाथ टैगोर** ने शान्ति निकेतन से शिक्षा पाई है। वे अवनीन्द्रनाथ टैगोर के पौत्र और अलोकेन्द्रनाथ टैगोर के पुत्र हैं। वे कलाओं से सम्बन्धित रचनायें लिखते हैं और पेशे से व्यापारी हैं।

**श्यामाश्री टैगोर** रवीन्द्रनाथ टैगोर के परिवार की पुत्र वधू हैं। वे स्वर्गीय अभिनेता मोहन घोषाल की बेटी हैं। वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन कार्यक्रमों की संयोजिका हैं।

**अभिजीत चट्टोपाध्याय** फिल्म और दूरदर्शन के विभिन्न पक्षों में योगदान करते रहे हैं। उन्होंने पुरस्कृत वृत्तचित्र **छापाखानार बंगला हरफ** का निर्माण किया है। उन्होंने टैगोर के उपन्यास **गोरा** पर आधारित टेलीविजन धारावाहिक की पटकथा लिखी और **प्रथम प्रतिश्रुति** धारावाहिक का कला-निर्देशन किया।





**SUMITENDRA NATH TAGORE,** a graduate and a student of Santiniketan, is the grandson of Abanindranath Tagore and son of Alokendranath Tagore; a writer of the arts and a businessman by profession.

**SHYAMASREE TAGORE,** a great grand daughter-in-law of Rabindranath Tagore, she is the daughter of the late actor Mohan Ghosal and the family owned the famous Radha Film studio. Widely travelled, she is an impressario of notable cultural events and Tourism programmes.

**ABHIJIT CHATTOPADHYAY,** a man of varied interests and maker of the award winning documentary **Chhapakhanar Bangla Haraf;** Scriptwriter of Calcutta TV serial Tagore's **Gora** and Art Director of Doordarshan serial **Pratham Pratishruti.**

## सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फिल्म पुरस्कार

### लोलाब

निर्माता **हिलमैन फिल्म प्रा.लि.** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **मोहि-उद्दीन मिर्जा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फिल्म का 1990 का पुरस्कार **लोलाब** को दिया गया है जिसमें दूरदराज के एक इलाके के जन-जीवन का चित्रण प्रामाणिकता, सहानुभूति और सहजता के साथ-साथ आस्थापूर्ण ढंग से किया गया है और संबंधित लोगों को इस फिल्म के निर्माण में कठोर परिश्रम करना पड़ा है।

## AWARD FOR THE BEST ANTHROPOLOGICAL/ ETHNOGRAPHIC FILM

### LOLAAB

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producers: **HILLMAN FILM PVT. LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **MOHI-UD-DIN MIRZA**

Citation

The Award for the Best Anthropoligical/Ethnographic Film of 1990 is given to **LOLAAB** for the dedication and conviction with which life in a remote area of the land has been portrayed, with intimacy, sympathy, authenticity and without being condescending, and for the apparent hard work that has gone into the production.

**मोहि-उद्दीन मिर्ज़ा** ने मद्रास के फिल्म टेक्नालोजी संस्थान से निर्देशन और पटकथा में डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने **ओवल क्राफ्ट, कामधेनु रिडीम्ड** फिल्मों के लिए राष्ट्रीय और बर्लिन फिल्म समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये। उनकी फिल्म **सबाबुल** को आई.डी.पी.ए. पुरस्कार मिला। वे 40 से अधिक गैर-कथाचित्रों का निर्देशन कर चुके हैं। इनमें दूरदर्शन फिल्म **ए फेस इन दी क्राऊड** भी शामिल है। वे वृत्तचित्र निर्माता संघ की वृत्तचित्र उप-समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं।



**MOHI-UD-DIN-MIRZA,** Diploma holder in Direction and Screenplay-writing from Institute of Film Technology Madras; recipient of national awards for **Oval Crop, Kamadhenu Redeemed** and international award at Berlin; recipient of IDPA award for **Subabul;** directed over forty non-fiction films including Doordarshan's **A Face in the Crowd;** currently working on **The Shape of Water:** served as Chairman of Documentary Sub-Committee for Documentary Producer's Association.

# सर्वोत्तम जीवनी फिल्म पुरस्कार

## बाबा

निर्माता मैसर्स **मीडियार्ट फिल्म्स प्रा.लि.** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **राजीव मेहरोत्रा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम जीवनी फिल्म का 1990 का पुरस्कार **बाबा** फिल्म को दिया गया है जिसमें हमारे समय के एक असाधारण पुरुष जो कि मानवीय चेतना से ओत-प्रोत हैं, के जीवन का भावनापूर्ण चित्रण करने तथा उन सामाजिक उद्देश्यों को सामने लाने का प्रयास करने के लिए दिया गया है जिनके लिये बाबा आमटे ने अपना जीवन समर्पित कर दिया और सच्ची लगन तथा अथक भाव से जिनकी प्राप्ति के लिए वे संघर्ष कर रहे हैं।

# AWARD FOR THE BEST BIOGRAPHICAL FILM

## BABA


Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producers: **MEDIART FILMS PVT. LTD.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **RAJIV MEHROTRA**

Citation

The Award for the Best Biographical Film of 1990 is given to **BABA** for the relaxed and sensitive portrayal of an extraordinary man of our times, bubbling with humanity, portraying the social causes for which Baba Amte has dedicated his life, with a sense of deep involvement, never descending to eulogising.

**राजीव मेहरोत्रा** ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय से निर्देशन की स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। उनकी शिक्षा-दीक्षा आक्सफोर्ड और दिल्ली विश्वविद्यालय में हुई। वे निर्देशक, छायाकार, सम्पादक, पटकथा लेखक आदि विभिन्न रूपों में काम करते हैं। हाल ही में उन्होंने अमेरिका के एक टी.वी. नेटवर्क के लिए दलाईलामा के बारे में **ओशियन ऑफ विशडम** का निर्माण किया। उन्होंने दूरदर्शन के लिए **स्टोरी ऑफ दिल्ली, सेक्यूलरिज़्म** आदि फिल्में भी बनाई हैं। उन्होंने दूरदर्शन के कन्वर्सेशन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत अनेक प्रमुख लोगों से भेंटवार्तायें कीं। दूरदर्शन पर समाचार वाचक, निर्माता, प्रस्तुतकर्ता, संवाददाता आदि रूपों में काम करने के अलावा राजीव मेहरोत्रा रंगमंच निर्देशक और लेखक भी हैं।



**RAJIV MEHROTRA,** a post-graduate in Film Direction from Columbia university and an undergraduate of Oxford and Delhi university; has been working on both sides of the camera as a Director, cinematographer, narrator, editor and script writer. His current and recent assignments include **Ocean of wisdom, A Portrait of Dalai Lama** (for PBS network in USA), **The Story of Delhi, Conversations** (with Aga Khan, Ravi Shankar, Stephen Spender, Dalai Lama, JRD Tata), **Secularism,** all for Doordarshan plus **A Matter of Motherhood** (for UNICEF). His other works include **China Unveiled, Restoring Shiva's Locks, The Barren Harvest, Stealthy Scourage? Roots & Wings, Adventure of a Quest, Escape To Nowhere.** Correspondent, Newscaster, producer, presenter, stringer to Television and also a writer and theatre director.

## सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फिल्म पुरस्कार

### फिगर्स ऑफ थाट और वास्तु माराबु

निर्माता **अरूण खोपकर** (फिगर्स ऑफ थाट) और **मिन बिम्बंगल** (वास्तु माराबु) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **अरूण खोपकर** (फिगर्स ऑफ थाट) और **बाला कैलाशम्** (वास्तु माराबु) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फिल्म का 1990 का पुरस्कार **फिगर्स ऑफ थाट** को तीन चित्रकारों की कला का अत्यन्त सुन्दर और सहज चित्रण करने के लिए प्रदान किया गया है।

सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फिल्म का 1990 का पुरस्कार **वास्तु माराबु** को भी प्रदान किया गया है जिसमें परम्परागत शिल्पी के दर्शन का चित्रण करते हुए भारतीय मूर्तिकारों की सामूहिक चेतना की खोज की गई है।

## AWARD FOR THE BEST ARTS/CULTURAL FILM

### FIGURES OF THOUGHT and VAASTU MARABU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producers: **ARUN KHOPKAR** (for **FIGURES OF THOUGHT**) and **MIN BIMBANGAL** (for **VAASTU MARABU**)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Directors: **ARUN KHOPKAR** (for **FIGURES OF THOUGHT**) and **BALA KAILASAM** (for **VAASTU MARABU**)

Citation

The Award for the Best Arts/Cultural Film of 1990 is given to **FIGURES OF THOUGHT** for the exceptionally beautiful portrayal of the work of three painters, with verve, and unpretentious, but excellent visuals.

The Award for the Best Arts/Cultural Film of 1990 is also given to **VAASTU MARABU** for portraying the philosophy of the traditional "shilpi", transcending the physical form of the sculpture, exploring the collective unconscious of Indian sculptors.



**अरूण खोपकर** विज्ञान के स्नातक है और उन्होंने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से छायांकन का डिप्लोमा प्राप्त किया है। रूसी, जर्मनी, और इतालवी भाषाओं के जानकार खोपकर ने 26 लघु फिल्मों का निर्देशन किया है और उनकी पटकथा लिखी है। दूरदर्शन के लिए भी उन्होंने फिल्में बनाई है। उन्होंने पुरस्कृत पुस्तक **गुरुदत्त-तीन अंकी शोकान्तिका** लिखी है और मणि कौल की फिल्म **आषाढ़ का एक दिन** में अभिनय भी किया।

**बाला कैलाशम्** इलैक्ट्रानिक इंजीनियरी के स्नातक है। उन्होंने अमेरिका में आयोवा विश्वविद्यालय से फिल्म तथा टेलीविजन निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म **चोलामंडल** थी जो कलाकारों की सहकारी संस्था के बारे में थी। बाद में उन्होंने **माइग्रेशन टू दि गल्फ, केरला, दी रिटर्न फेस** और **दि लिविंग ट्रेडीशन: ए शिल्पी स्पीक्स** फिल्में बनाई।



**ARUN KHOPKAR,** a science graduate, diploma holder in cinematography (FTII), and in Russian, German and Italian languages; scripted and directed 26 short films (education & Social Welfare), TV producer, visiting professor, FTII, Film Archive, Film Direction school (Moscow), British Council, USIS Visitorship, Homi Bhabha Fellowship; author of the award winning book **Guru Dutt-Teen Anki Shokantika** and lead player in Mani Kaul's **Ashadh Ka Ek Din.**

**BALA KAILASAM,** a Electronic Engineering graduate, trained in Film and TV production (university of Iowa, USA); first film on an artists' commune **Cholamandal,** later films-**Migration to the Gulf, Kerala—The Return Phase** and **The Living Tradition: A Shilpi speaks.**

## सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म पुरस्कार (पर्यावरण तथा परिस्थिति विज्ञान सहित)

### बायोटैक्नोलॉजी: सम पोसीबिल्टीज

निर्माता **गुलबहार सिंह** (फिल्म प्रभाग के लिए) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **निशीथ बनर्जी** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म (पर्यावरण तथा परिस्थिति विज्ञान सहित) का 1990 का पुरस्कार **बायोटैक्नोलॉजी: सम पोसीबिल्टीज** को दिया गया है जिसमें उन भावी आयामों का परिचय दिया गया है जो नये युग में वैज्ञानिक दृष्टि से व्यावहारिक होने की संभावनाएं अपने में संजोए हुए हैं।

## AWARD FOR THE BEST SCIENTIFIC FILM (INCLUDING ENVIRONMENT AND ECOLOGY FILM)

### BIOTECHNOLOGY: SOME POSSIBILITIES

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **GUL BAHAR SINGH** (For Films Division)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **NISHITH BANERJEE**

Citation

The Award for the Best Scientific Film (including Environment and Ecology Film) of 1990 is given to **BIOTECHNOLOGY: SOME POSSIBILITIES** for treading through new horizons of the futuristic, yet scientifically realisable possibilities at the threshold of a new era, with technical finesse.



**गुलबहार सिंह** विज्ञान के स्नातक हैं। उन्होंने **स्ट्रीट अर्चिन्स, इकोनोमी ऑफ हाई स्पीड डीजल ऑयल, थर्ड हैण्ड, अनुकरण, उजाला, बायोटेक्नोलॉजी, वो छः साल, सवा सेर गेहूँ** आदि फिल्में बनाई हैं। कलकत्ता टेलीविजन के लिए उन्होंने **सम्पर्क** धारावाहिक भी तैयार किया है।

**निशीथ बनर्जी** फिल्म प्रभाग के भूतपूर्व उप-मुख्य निर्माता हैं। उन्होंने 50 से अधिक वृत्तचित्रों का निर्माण किया है। वे अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। वे कलकत्ता दूरदर्शन के लिए शरत चन्द्र चटर्जी की कहानी पर तेरह भागों का सीरियल बना रहे हैं।



**GUL BAHAR SINGH,** a science graduate, worked as an under study in direction; made **Street Urchins, Economy of High Speed Disel Oil, Third Hand, Anukaran, Ujala, Biotechnology, Woh Chhay Saal, Sawa Sher Gehun, Samparka** (Serial for Calcutta TV), and currently **Bayen** based on a story by Mahasweta Devi.

**NISHITH BANERJEE,** Graduate, former Dy. Chief producer, Films Division; maker of over 50 documentaries, winner of national and international awards (Berlin, Milan, Venice, San Sebastian), current assignments include **Late M.N. Roy** and a 13-episode TV serial on Sarat Chatterjee's story for Calcutta Doordarshan.

## सर्वोत्तम कृषि फिल्म पुरस्कार (पशु पालन, दुग्ध उत्पादन आदि जैसी कृषि से संबंधित विषयों सहित)

### गोल्डन अर्थ

निर्माता **बी.ए.आई.एफ. डेवलपमेंट रिसर्च फाऊंडेशन** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **विश्राम रेवंकर** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कृषि फिल्म (पशु पालन, दुग्ध उत्पादन आदि जैसे कृषि से संबंधित विषयों सहित) 1990 का पुरस्कार **गोल्डन अर्थ** को प्रदान किया गया है, जिसमें सिनेमा माध्यम की गंभीरता को बनाये रखते हुए मुद्रा और जल संरक्षण की जानकारी बहुत सहज किन्तु प्रभावशाली ढंग से दी गई है।

## AWARD FOR THE BEST AGRICULTURAL FILM (TO INCLUDE SUBJECTS RELATED TO AND ALLIED TO AGRICULTURE LIKE ANIMAL HUSBANDARY, DAIRYING ETC.)

### GOLDEN EARTH

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **VISHRAM REVANKAR**

Citation

The Award for the Best Agricultural Film (to include subjects related to and allied to agriculture like animal husbandary, dairying etc.) of 1990 is given to **GOLDEN EARTH** for very effective communication of the techniques of soil and water conservation, in a simple manner, without being simplistic with the medium.

**विश्राम रेवंकर** वृत्तचित्रों और वीडियो फिल्मों के निर्माता हैं। 1985 में उन्हें समाज कल्याण की सर्वोत्तम फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उन्होंने **स्वीकार** फिल्म का निर्देशन और पटकथा लेखन किया, जिसे ब्रिटिश मेडीकल फाउंडेशन का स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। वे पुणे के भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान में सहायक प्रोफेसर के रूप में भी काम कर चुके हैं।



**VISHRAM REVANKAR,** Documentary/video film maker, winner of national awards for Best Social Welfare and Best Scientific film (1985 & 1990), Scripted and directed **Sweekar,** winner of British Medical Foundation's Gold Medal; formerly Astt. professor, Educational TV film, Film Institute, Pune.

## सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फिल्म पुरस्कार

### प्रतिक्रिया

निर्माता **राहत यूसुफी** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **राहत यूसुफी** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फिल्म का 1990 का पुरस्कार **प्रतिक्रिया** को दिया गया है जिसमें पर्यावरण की समस्या का निचले स्तर पर समाधान करने का स्पष्ट संदेश निहित है और इसके प्रति वचनबद्धता का परिचय देते हुए यह दर्शाया गया है कि किस तरह आम लोगों को इस काम में सहभागी बना कर बढ़िया परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं।

## AWARD FOR THE BEST ENVIRONMENT/ CONSERVATION/ PRESERVATION FILM

### PRATIKRIYA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **RAHAT YUSUFI**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **RAHAT YUSUFI**

Citation

The Award for the Best Environment/Conservation/Preservation Film of 1990 is given to **PRATIKRIYA** for dealing with the problem of the environment at the grassroots level, combining the talent to handle ordinary people and get excellent performances out of them, with a clarity of message and commitment to the cause.

**राहत यूसुफी** विज्ञान के स्नातक हैं और उन्होंने भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान पुणे से निर्देशन तथा पटकथा लेखन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। वे 16 एम.एम. की फिल्में बनाते हैं। उनके वृत्तचित्र समाजशास्त्रीय और मानवशास्त्रीय विषय पर आधारित होते हैं और उनमें कथा का प्रवाह भी रहता है।



**RAHAT YUSUFI,** a science graduate and diploma holder, FTII Pune in direction and screenplay-writing; makes films in 16 mm and his documentaries are transformed into pieces of fiction based on sociological and anthropological insights.

## सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

### सेफ ड्रिंकिंग वाटर फॉर आल

निर्माता **आर. कृष्ण मोहन** (फिल्म प्रभाग के लिए) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **महेश पी. सिन्हा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम फिल्म का 1990 का पुरस्कार **सेफ ड्रिंकिंग वाटर फॉर आल** को दिया गया है जिसमें पीने के पानी की बुनियादी समस्या का चित्रण किया गया है और प्रचार की हद तक न जाते हुए, इस मसले को हल करने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी गई है।

## AWARD FOR THE BEST FILM ON SOCIAL ISSUES

### SAFE DRINKING WATER FOR ALL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **R. KRISHNA MOHAN** (For Films Division)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **MAHESH P. SINHA**

Citation

The Award for the Best Film on Social Issues of 1990 is given to **SAFE DRINKING WATER FOR ALL** for effectively portraying the fundamental problem of drinking water and the steps being taken to solve the problem, without descending to propaganda.



**आर. कृष्ण मोहन** ने लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री और पत्रकारिता में डिप्लोमा प्राप्त किया है। वे फिल्म प्रभाग में पटकथा लेखक रहे। उन्होंने 1982 में निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण किया और 40 से अधिक फिल्में बनाई हैं। इस समय वे फिल्म प्रभाग में संयुक्त मुख्य निर्माता के पद पर काम कर रहे हैं। उनकी फिल्मों में **त्यागब्रह्म, क्राइसिस इन श्रीलंका, गिव पीस ए चान्स, टीयर्स एन्ड स्माइल्स, हम कौन हैं, ए रिपोर्ट ऑन कश्मीर, राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद** आदि शामिल हैं। पत्र-पत्रिकाओं में उनकी फिल्म समीक्षायें और लेख भी प्रकाशित होते रहते हैं।

**महेश पी. सिन्हा** ने फिल्म प्रभाग में कैमरा मैन के रूप में काम शुरू किया। 1973 में वे न्यूजरील अधिकारी बने और उन्होंने **भूकम्प, पोप की यात्रा, राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों का सम्मेलन** और **गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन** जैसी घटनाओं का फिल्मांकन किया। वे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान उनके साथ जाते रहे हैं। वे सर्वोत्तम न्यूजरील कैमरामैन और सर्वोत्तम समाचार चलचित्र पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उनकी फिल्मों में **फर्स्ट टैस्ट ट्यूब बेबी, इंडियाज नैवल माइट, चाचा नेहरू** शामिल हैं। वे अंटार्कटिका के लिए चौथे भारतीय वैज्ञानिक दल के सदस्य थे।



**R. KRISHNA MOHAN,** Masters degree in Public Administration and diploma in Journalism; script-writer, Films Division, took to Direction in 1982 and has made over 40 films; reviewer and contributor to journals and newspapers; at present, Joint Chief Producer, Films Division (Newsreel). His films include **Thygabrahmam, Crisises in Sri Lanka, Give Peace A Chance, Tears and Smiles, Hum Kaon Hai?, A Report on Kashmir, Ramjanamabhoomi-Babri Masjid.**

**MAHESH PRATAP SINHA,** joined Films Division as cameraman, Newsreel officer in 1973; filmed Earthquake, The Pope's Visit, CHOGM and NAM summits, accompanied Presidents and Prime Ministers abroad, winner of Best Newsreel Cameraman award and Best News Magazine Award. His films include **First Test Tube Baby, India's Naval Might, Chacha Nehru** and member, 4th Indian Scientific Expedition to Antarctica.

## सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फिल्म पुरस्कार

### डक्स आऊट ऑफ वाटर और नतुन आशा

निर्माता **डी. गौतमन** (फिल्म प्रभाग के लिए) (डक्स आऊट ऑफ वाटर) और **ब्यूटी सभापंडित** (नतुन आशा) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **राज गोपाल राव** (डक्स आऊट ऑफ वाटर) और **अरूप बोरठाकुर** (नतुन आशा) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फिल्म का 1990 का पुरस्कार **डक्स आऊट ऑफ वाटर** को सुन्दर बिम्बों की सहायता से एक सामान्य विषय को सौन्दर्य शास्त्रीय श्रेष्ठता के स्तर तक ले जाने के लिए प्रदान किया गया है।

ये पुरस्कार **नतुन आशा** फिल्म को भी दिया गया है जो शैली और विषय वस्तु की दृष्टि से एक श्रेष्ठ शिक्षाप्रद फिल्म है।

## AWARD FOR THE BEST EDUCATIONAL/ MOTIVATIONAL/INSTRUCTIONAL FILM

### DUCKS OUT OF WATER and NATUN ASHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producers: **D. GAUTAMAN** (for **DUCKS OUT OF WATER**) and **BEAUTY SABHA-PANDIT** (for **NATUN ASHA**)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Directors: **RAJ GOPAL RAO** (for **DUCKS OUT OF WATER**) and **ARUP BORTH-AKUR** (for **NATUN ASHA**)

Citation

The Award for the Best Educational/ Motivational/ Instructional Film of 1990 is given to **DUCKS OUT OF WATER** for the beautiful imagery, elevating a routine theme to levels of aesthetic excellence.

The Award for the Best Educational/ Motivational/ Instructional Film of 1990 is also given to **NATUN ASHA** for being an instructional film in which form and content compete for excellence.









**डी. गौतमन** ने भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, पुणे से डिप्लोमा प्राप्त किया है। वे मलयालम फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक स्वर्गीय रामू कैरियत के मुख्य सहायक रहे। वे बाद में फिल्म प्रभाग में शामिल हो गए और इस समय उप-मुख्य निर्माता के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 60 से अधिक फिल्में बनाई हैं।

**ब्यूटी सभापंडित** 1984 से वृत्तचित्रों का निर्माण कर रही हैं। उनकी फिल्मों में **डी.एच. वोव, नतुन प्रभात, जीवन संग्राम** (सभी असमिया) आदि शामिल हैं। उन्होंने टेली-फिल्म **गृहहंता** और टी.वी. धारावाहिकों **देवता** तथा **लहर** में अभिनय किया है।

**राज गोपाल राव** इंजीनियरी में स्नातक हैं और उन्होंने छायांकन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। फिल्म प्रभाग में सहायक कैमरा मैन, समाचार-चित्र अधिकारी और उप-निदेशक जैसे पदों पर काम करने के बाद अब वे फिल्म प्रभाग दिल्ली में निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 30 से अधिक वृत्तचित्रों का निर्देशन किया है और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं।

**अरूप बोरठाकुर** ने ब्यूटी सभापंडित के वृत्तचित्रों का निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया है और 5 नाटक लिखे हैं। वे असमिया में 3 कथाचित्रों के सहायक निर्देशक रहे और **दूर शीमाना** तथा **नाबो** कथाचित्रों का निर्देशन किया है। वे कहानीकार भी हैं।

**D. GAUTAMAN,** diploma holder (First class First) FTII, chief assistant to late Ramu Kariat of Malayalam cinema; joined Films Division, now Dy. Chief Producer, Films Division, Bangalaore and made over 60 Documentaries.

**BEAUTY SABHAPANDIT,** documentary producer since 1984; made **DH, Wow, Natun Prabhat, Jiban Sangram** (Assamese) and acted in telefilm **Grahahanta** and TV serials **Deuta** and **Lahar.**

**RAJ GOPAL RAO,** graduate, diploma holder, Civil Engineering & Cinematography; joined Films Division as asstt. cameraman, newsreel officer, deputy director and now Director, Films Division, Delhi; directed over 30 documentaries, winner of national and international awards.

**ARUP BARTHAKUR,** director of documentaries produced by Beauty Sabhapandit; asstt. director to three feature films in Assamese, story-writer-director of **Door Sheemana** and **Nabow** feature films; directed over 30 dramas and wrote five plays.

# सर्वोत्तम खोजी/साहसिक फिल्म पुरस्कार (खेल सहित)

## दि इंडीजीनियस गेम्स ऑफ मणिपुर

निर्माता **अरिबम श्याम शर्मा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **अरिबम श्याम शर्मा** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम खोजी/साहसिक फिल्म (खेल सहित) का 1990 का पुरस्कार **दि इंडीजीनियस गेम्स ऑफ मणिपुर** को दिया गया है जिसमें खेल कूद के आनन्द की झलक दिखाते हुए मणिपुर के परम्परागत खेलों और विश्व के खेलों के बीच ऐतिहासिक संबंधों की तलाश की गई है।

# AWARD FOR THE BEST EXPLORATION/ ADVENTURE FILM (TO INCLUDE SPORTS)

## THE INDIGENOUS GAMES OF MANIPUR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **ARIBAM SYAM SHARMA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **ARIBAM SYAM SHARMA**

Citation

The Award for the Best Exploration/ Adventure Film (to include Sports) is given to **THE INDIGENOUS GAMES OF MANIPUR** for sharing the primordial joys of spontaneous sports, tracing some historic links between the traditional sports of Manipur and the world at large.

**अरिबम श्याम शर्मा** ने विश्वभारती विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन और शास्त्रीय संगीत में मास्टर डिग्री प्राप्त की। मणिपुरी नाटकों में उन्होंने निर्देशक, अभिनेता और गायक के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की। 1974 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म **लामजा परशुराम** का निर्माण किया। 1981 में उन्होंने **इमागी निंगथेम** फिल्म बनाई जिसे राष्ट्रीय फिल्म समारोह में रजत कमल प्राप्त हुआ और वह कलकत्ता फिल्मोत्सव में दिखाई गई। कई अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भी इस फिल्म का प्रदर्शन हुआ। उन्होंने 8 वृत्तचित्र भी बनाये, जिनमें से **संगाई** और **दि डियर आन दि लेक** को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। **दि डियर आन दि लेक** को पिछले वर्ष सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।



**ARIBAM SYAM SHARMA** mastered Indian philosophy and classical music in Viswabharati university. His involvement in Manipuri theatre saw him emerging as an actor, director and a vocalist. He made his first film **Lamja Prashuram** in 1974. In 1981, he made **Imagi Ningthem** which featured in Panorama in Calcuttta Filmotsav and also bagged a Rajat Kamal in National Film Festival. The film was also awarded the Grand Prix at the festival of Three Continents at Nantes in 1982 and shown in New York, London, Locarno, Montreal and other festivals. Two of his eight documentaries have won international awards - **Sangai,** a ballet film and **The Deer on the Lake,** the latter won the national award for Best Environment/ Preservation Film in 1990

## सर्वोत्तम खोजी फिल्म

### उनां मित्रां दी याद प्यारी (मित्रों की याद में)

निर्माता **आनन्द पटवर्धन** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **आनन्द पटवर्धन** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम खोजी फिल्म का 1990 का पुरस्कार **उनां मित्रां दी याद प्यारी** को दिया गया है जिसमें समकालीन विस्फोटक परिस्थितियों में सच्चाई की राह पर चलने का चित्रण निष्पक्षता साहस और सहजता के साथ किया गया है।

## AWARD FOR THE BEST INVESTIGATIVE FILM

### UNA MITRAN DI YAAD PYAARI (IN MEMORY OF FRIENDS)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **ANAND PATWARDHAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **ANAND PATWARDHAN**

Citation

The Award for the Best Investigative Film of 1990 is given to **UNA MITRAN DI YAAD PYAARI (IN MEMORY OF FRIENDS)** for the ardent pursuit of truth in an explosive contemporary atmosphere, with objectivity, courage and lucidity.

**आनन्द पटवर्धन** जाने-माने वृत्तचित्र निर्माता-निर्देशक हैं। उनकी फिल्मों में **प्रिजनर्स ऑफ कांशियस, ए टाइम टू राइज, बाम्बे अवर सिटी** उल्लेखनीय हैं। उनकी फिल्मों को अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।



**ANAND PATWARDHAN,** producer-director of **Prisoners of Conscience,** (Tyne Award, Newcastle), **A Time To Rise** (Silver Dove, Leipzig, Tyne Award, Newcastle), **Bombay Our City** winner of national award, Special Jury Award (France) and Filmfare award.

# निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

## उस्ताद अमजद अली खान

निर्देशक **गुलज़ार** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

निर्णायक मंडल का 1990 का विशेष पुरस्कार **गुलज़ार** को **उस्ताद अमजद अली खान** के निर्देशन के लिए दिया गया है, जिसमें एक व्यक्ति और उसके संगीत के सारतत्व को उदभासित किया गया है और यह दर्शाया गया है कि किसी कलाकार के गुण अपने आप में विशेष होते हुए भी वह सतत परम्परा के अंग के रूप में लोगों से भिन्न नहीं होता।

# SPECIAL JURY AWARD

## USTAD AMJAD ALI KHAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **GULZAR**

Citation

The Special Jury Award of 1990 is given to **GULZAR** as the Director of the film **USTAD AMJAD ALI KHAN** for bringing out the essence of a man and his music, emphasising the qualities of an artiste being distinct, but not distant from the people, as part of an unbroken tradition.

**गुलज़ार** मूल रूप से कवि हैं और 40 के दशक में प्रगतिशील लेखक आंदोलन से जुड़े रहे। फिल्मों में गीतकार, पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने **आंधी, कोशिश, अचानक, किताब, मीरा, अंगूर** और **इज़ाज़त** जैसी फिल्मों का पटकथा लेखन और निर्देशन किया है। **मौसम** फिल्म के लिए उन्हें सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार और **कोशिश** के लिए सर्वोत्तम पटकथा लेखक का पुरस्कार मिला। 1988 में उन्हें **इज़ाज़त** फिल्म के लिए सर्वोत्तम गीतकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ। गुलज़ार ने कविता, कहानी और उपन्यासों की रचना की है। उन्होंने बच्चों के लिए अनेक पुस्तकें लिखी हैं।



**GULZAR,** Lyricist, script-writer and director by profession, has been basically a poet of modern sensitivity and was closely associated with the progressive writer's movement in the 40's. Since his introduction to cinema he has written and directed films like **Aandhi, Koshish, Achanak, Kitab, Meera, Angoor** and **Ijaazat** and won the Best Director's award for **Mausam,** the Best Sereenplay writer's award for **Koshish** and in 1988, the Best Lyricist award for **Ijaazat.**
Gulzar is the author of three books of poetry, short story and novelette; author of a dozen books for children his story named Ekta won the NCRT award in 1989. Born in Jhelum in Pakistan in 1936 he had his schooling in Delhi and later settled in Bombay.

## सर्वोत्तम लघु कल्पित फिल्म (70 मिनट की अवधि तक की फिल्में)

### आमुख

निर्माता **भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान** के निदेशक को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **राजकुमार** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम लघु कल्पित फिल्म का 1990 का पुरस्कार **आमुख** को दिया गया है जिसमें एक महिला के व्यक्तिगत अधिकारों का सशक्त चित्रण एक ऐसी घटना के भावनात्मक प्रभाव के माध्यम से किया गया है जिसमें वह एक सामाजिक वर्जना के विरोध में उठ खड़ी होती है।

## AWARD FOR THE BEST SHORT FICTION FILM (FILMS NOT EXCEEDING 70 MINUTES DURATION)

### AAMUKH

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producers: **THE DIRECTOR, FILM & TV INSTITUTE**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **RAJ KUMAR**

Citation

The Award for the Best Short Fiction Film of 1990 is given to **AAMUKH** for being a forceful statement of the personal rights of a woman through the emotional impact of one incident in which she rises against a social taboo.

**राज कुमार** ने भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, पुणे से निर्देशन का डिप्लोमा प्राप्त किया है। **आमुख** उनकी डिप्लोमा फिल्म है। इससे पहले वे हरियाणा राज्य की रंगमंच गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं।



**RAJ KUMAR,** an arts graduate actively associated with dramatic activities before joining FTII; completed the course in Film Direction and AAMUKH is his diploma film.

## सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार

**संतोष सिवन** (मोहिनीयाट्टम के लिए) और **विक्टर बनर्जी** (व्हेअर नो जर्नीज एण्ड के लिए)

छायाकार **संतोष सिवन** (मोहिनीयाट्टम) और **विक्टर बनर्जी** (व्हेयर नो जर्नीज एण्ड) को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

फिल्म की प्रोसेसिंग करने वाली प्रयोगशालाएं: **प्रसाद फिल्म प्रयोगशाला** को (व्हेअर नो जर्नीज एण्ड (और **चित्रांजली फिल्म प्रयोगशाला** को (मोहिनीयाट्टम) के लिए रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

गैर-कथाचित्र के लिए सर्वोत्तम छायांकन का 1990 का पुरस्कार **संतोष सिवन** को **मोहिनीयाट्टम** फिल्म में नृत्यांकन और उसकी कला को कैमरे के माध्यम से लयपूर्ण सौन्दर्य के साथ मनोहारी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है।

गैर-कथाचित्र के लिए सर्वोत्तम छायांकन का 1990 का पुरस्कार **विक्टर बनर्जी** को भी **व्हेअर नो जर्नीज एण्ड** के लिए दिया गया है जिसमें उन्होंने भारत की अमर प्राकृतिक सुन्दरता को नाटकीय ढंग से अत्यन्त आकर्षक शैली में उद्घाटित किया है।

## AWARD FOR THE BEST CINEMATOGRAPHY

**SANTOSH SIVAN** for **MOHINIYATTAM** and **VICTOR BANERJEE** for **WHERE NO JOURNEYS END.**


Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Cameramen: **SANTOSH SIVAN** for **MOHINIYATTAM** and **VICTOR BANERJEE** for **WHERE NO JOURNEYS END.**

Rajat Kamal and cash prize of Rs. 10,000 to the laboratories PRASAD FILM LABORATORIES for **WHERE NO JOURNEYS END** and **CHITRANJALI LABORATORIES** for **MOHINIYATTAM.**

Citation

The award for the Best Cinematography for a Non-Feature Film of 1990 is given to **SANTOSH SIVAN** for his work in the film **MOHINIYATTAM** for the evocative, lyrical beauty with which the camera has painted the dancer and her milieu.

The award for the Best Cinematography for a Non-Feature Film of 1990 is also given to **VICTOR BANERJEE** for his work in the film **WHERE NO JOURNEYS END** for the dramatic manner in which the Indian landscape unfolds, seducing the viewer with the timeless beauty of India.



**संतोष सिवन** ने भारतीय फिल्म एवम् टेलीविज़न संस्थान पुणे से छायांकन में डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्होंने पिछले वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त लघु फिल्म **स्टोरी ऑफ टिलूबू** का निर्माण, निर्देशन और छायांकन किया। उन्होंने एक दर्जन से अधिक लघु फिल्मों का छायांकन किया है। जिन कथाचित्रों के लिए उन्होंने छायांकन किया है, उनमें हिन्दी फिल्म **राख** और मलयालम फिल्में **निधियूडे कथा, ओरु मेमासा पुलरियिल, मिस्टर डेविड, कदाल तिरूथु, मिथ्या, इन्द्रजालम, व्यूहम्** आदि शामिल हैं।

**विक्टर बनर्जी** ने अपना फिल्मी जीवन 1977 में शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले **शतरंज के खिलाड़ी** में अभिनय किया। उन्हें **घरे बायरे** फिल्म में अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। अंग्रेजी फिल्म **ए पैसेज टू इंडिया** में अभिनय के लिए उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म **एन आगस्ट रिक्वीम** को बर्लिन फिल्म समारोह में भेजा गया। उन्होंने बंगला विज्ञापन फिल्म **आगून** का निर्देशन और उसमें अभिनय भी किया। निर्देशक के रूप में व्हेअर नो जर्नीज़ एंड उनकी तीसरी फिल्म है।



**SANTOSH SIVAN,** a diploma holder in cinematography from Pune Film Institute, he produced, directed and photographed the 1989 national award winning short film **Story of Tiblu,** and also photographed over a dozen short films. His cinematography for Feature Films include **Raakh** (Hindi), **Nidhiyude Katha** (Malayalam), **Oru May Masa Pulariyil, David Mr. David, Mandatheum Kettathem, Kadal Theerathu, Kalal Pada, Varthamanakalam, Mithya, Indraialam, Vyuham.**

**VICTOR BANERJEE,** beginning his film career in 1977, Victor was first seen as an actor in **Shatranj ke Khilari,** and then went on to receive a National Award for his performance in **Ghaire Baire.** He has acted in **A Passage to India** (David Lean), and received International acclaim.

His first directorial venture **An August Requiem** was Indian official entry in Berlin Film Festival. He directed and acted in a Bengali commercial **Aagoon** and also acted in **Debota,** the latter a super hit of 1990. **Where no Journeys End** is his third directorial venture.

## सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन पुरस्कार

### सुजीत सरकार

ध्वनि आलेखक **सुजीत सरकार** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

गैर-कथाचित्र के लिए सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का 1990 का पुरस्कार **सुजीत सरकार** को **मोहर** फिल्म में उनके काम के लिए दिया गया है, जिसमें उन्होंने महान गायिका कणिका बन्दोपाध्याय की गायन कला के माध्यम से रवीन्द्र संगीत की परम्परा का परिचय कराते हुए गुरुदेव की उपस्थिति को साकार कर दिखाया है।

## AWARD FOR THE BEST AUDIOGRAPHY

### SUJIT SARKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the audiographer **SUJIT SARKAR**

### Citation

The Award for the Best Audiography for Non-Feature Film of 1990 is given to **SUJIT SARKAR** for his work in the film **MOHOR** for preserving the aura of Gurudev's presence by transporting the audience through the years in the flowering of Rabindra Sangeet, embellishing the performance of the great singer Kanika Bandopadhyay.

**सुजीत सरकार** ने 1953 में न्यू थियेटर्स फिल्म कम्पनी में सहायक ध्वनि आलेखक के रूप में काम शुरू किया और उन्हें नितिन बोस, हेमचन्द्र और देवकी बोस जैसे अग्रणी फिल्मकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। 1957 में वे मुख्य ध्वनि आलेखक बन गये और उन्होंने हेमचन्द्र की **नतुन फसल**, तपन सिन्हा की **झिन्दर बन्दी**, अजय कार की **सत्यजीत**, सत्यजीत राय की **अभिजान, गोपी गायेन बाघा बायेन, अरण्येर दिनरात्रि, गणशत्रु** और **आगन्तुक** फिल्मों में काम किया। उन्होंने मृणाल सेन, गौतम घोष और संदीप राय की फिल्मों में भी ध्वनि आलेखक के रूप में कार्य किया है।



**SUJIT SARKAR,** started as an Assistant Recordist in New Theatres studio in 1953 under stalwarts like Nitin Bose, Hem Chandra and Debaki Bose; became chief Recordist in 1957 and worked for Hem Chandra's **Natun Fasal,** Tapan Sinha's **Jhinder Bandi**, Ajoy Kar's **Saptapadi**, Satyajit Ray's **Abhijan, Gopi Gayen Bagha Bayen, Aranyer Din Ratri, Ganashatru** and his latest **Agantuk;** also worked as Recordist in Mrinal Sen, Gautam Ghosh and Sandip Ray's films.

## सर्वोत्तम संपादन

### राजशेखरन्

फिल्म संपादक **राजशेखरन्** को रजत कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

गैर-कथाचित्र के लिए सर्वोत्तम संपादन का 1990 का पुरस्कार **राजशेखरन्** को **मोहिनीयाट्टम** में सृजनात्मक कौशल के साथ समय और स्थान के आयामों की पूर्ण क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए दिया गया है।

## AWARD FOR THE BEST EDITING

### RAJASEKHARAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Editor: **RAJASEKHARAN**

Citation

The Award for the Best Editing for a Non-Feature Film of 1990 is given to **RAJASEKHARAN** for his work in the film **MOHINIYATTAM** for making use of the full potential of the dimensions of space and time with creative excellence.

**बी. राजशेखरन्** केरल फिल्म विकास निगम लि. में सम्पादक हैं। उन्होंने कथाचित्रों **ओरू मेमासा पुलरियिल**, के.जी. जार्ज की फिल्म **एथरायुडे अन्त्यम, अलीलक्कुरूविकुल, अट्टीनक्करे, निडियूडे कथा, चेरिया लोकव्यूम वलिया** और गैर-कथाचित्रों **मन्निंटे मक्कल, बीचिज ऑफ केरला, सेम्मनकुडि श्रीनिवास अय्यर, फैमिली प्लानिंग, स्टोरी ऑफ टिब्लयू** का सम्पादन किया है।



**B. RAJASEKHARAN,** Editor, Kerala Film Development Corp., edited feature films, **Oru Maymase Pulariyil, Yathrayude Anthyam, Alilakkuruvikal, Attinakkare, Nidhiyude Katha, Cheriya Lokavaum Valiya,** and non-feature films **Manninte Makkal, Beaches of Kerala, Semmankudi Sreenivasa Iyer, Family Planning, Story of Tiblu.**

# विशेष उल्लेख

गैर-कथाचित्र निर्णायक मंडल ने निम्नलिखित का विशेष उल्लेख किया है:-

**राजगोपाल राव** को **टैक्नीक ऑफ सीड प्रॉडक्शन इन व्हीट एण्ड पैडी** के निर्देशक के रूप में कृषि सम्बन्धी जानकारी के प्रभावशाली प्रसार के लिए।

**सिद्धार्थ काक** को फिल्म **कैक्टस एण्ड रोज़िस** के निर्देशक के रूप में एक अग्रणी औद्योगिक प्रतिष्ठान के सुन्दर चित्रण के लिए।

**दिलीप घोष** को फिल्म **आधी हकीकत आधा फसाना** के निर्देशक के रूप में सीधे लोगों के मन से फिल्म जगत का ग्लैमर दूर करने के लिए।

**नरेश सक्सेना** को फिल्म **सम्बन्ध** के निर्देशक के रूप में एक परिवार और वृक्ष के बीच भावात्मक हेतु तैयार करने के लिए।

# SPECIAL MENTION

**The Non-Feature Film Jury makes a Special Mention of the following:**

(a) **RAJ GOPAL RAO** as Director of the film **TECHNIQUE OF SEED PRODUCTION IN WHEAT AND PADDY** for effective dissemination of agricultural information.

(b) **SIDDHARTH KAK** as Director of the Film **CACTUS AND ROSES** for his sophisticated presentation of a pioneering industrial establishment.

(c) **DILIP GHOSE** as Director of the film **AADHI HAQUEEQAT AADHA FASANA** for deglamourising the world of cinema in the minds of innocent toddler talent.

(d) **NARESH SAXENA** as Director of the film **SAMBANDH** for the excellent nucleus of an idea, building an emotional bridge between a family and a tree.









**राज गोपाल राव** इंजीनियरी में स्नातक है और उन्होंने छायांकन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। फिल्म प्रभाग में सहायक कैमरामैन, समाचार-चित्र अधिकारी और उप-निदेशक जैसे पदों पर काम करने के बाद अब वे फिल्म प्रभाग दिल्ली में निदेशक के रूप में कार्य कर रहे है। उन्होंने 30 से अधिक वृत्तचित्रों का निर्देशन किया है और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये है।

**सिद्धार्थ काक** ने इतिहास में स्नातकोतर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने कई उल्लेखनीय वृत्तचित्र बनाये हैं, जिनमें **भांड्स ऑफ कश्मीर, टेल्स ऑफ फिशरवोमेन, मॉर्टल मैन इम्मार्टल मेलोडिज़, भांड जशन, एवरेस्ट 1984, एवरेस्ट सीरिज, बाबा जी का बायोस्कोप, मानव यात्रा, राज कपूर** आदि शामिल है, उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले है। वे देश विदेश की अनेक फिल्म संस्थाओं के सदस्य है।

**दिलीप घोष** भारतीय फिल्म तथा टेलीविज़न संस्थान के स्नातक है। उन्होंने अनेक टेलीविजन विज्ञापन-फिल्में और प्रेरक वृत्तचित्र बनाये है। इनमें **निकीताशा मोनालीसा** फिल्म भी शामिल है जिसे पुरस्कार मिला। संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान बनाई गई उनकी फिल्म **इन पैराडाईज मैन इज बॉर्न डैड** को ओबरहासन फिल्म समारोह में विशेष उल्लेख प्रमाणपत्र मिला। **आधी हकीकत आधा फसाना** कथाचित्र जितनी अवधि की फिल्म के निर्देशक के रूप में उनका पहला प्रयास है।

**नरेश सक्सैना** सिविल इंजीनियरी में स्नातक है। वे कवि, नाटककार, सम्पादक और वृत्तचित्र निर्माता भी है। इस समय वे उत्तर प्रदेश के एक निगम में कार्यकारी इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे है।

**RAJ GOPAL RAO,** graduate, diploma holder, Civil Engineering & Cinematography; joined Films Division as asstt. cameraman, newsreel officer, dy. director and now Director, Films Division, Delhi; directed over 30 documentaries, winner of national and international awards.

**SIDDHARTH KAK,** Master's degree in History, maker of Documentaries **Bhands of Kashmir, Tales of the Fisherwomen, Mortal Men Immortal Melodies, Bhand Jashna, Everest '84, Everest series** (7 films telecast) **Bawaji Ka Bayiscope, Manav Yatra, Raj Kapoor,** winner of national and international awards, member, national and international film bodies.

**DILIP GHOSH,** graduate, FTII, maker of several TV commercials and promotional documentaries including award winning **Niky Tasha-Mona Lisa;** graduation film **In Paradise Man in Born Dead** won special mention certificate at **Oberhausen. Aadhi Haqueeqat Aadha Fasana** marks his debut as director of feature length film.

**NARESH SAXENA,** Civil Engineering graduate, poet, editor, playwright, documentary film maker; at present Executive Engineer, UP Nigam.

## पुरस्कार जो नहीं दिए गए (ग़ैर-कथाचित्र)

1. निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम गैर-कथाचित्र
2. सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फिल्म
3. सर्वोत्तम ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फिल्म
4. सर्वोत्तम कार्टून फिल्म
5. परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म

## AWARDS NOT GIVEN (NON-FEATURE)

1. Best First Non-Feature Film of a Director
2. Best Promotional Film
3. Best Historical Reconstruction/Compilation Film
4. Best Cartoon Film
5. Best Film on Family Welfare

# सिनेमा लेखन पुरस्कार

# Awards for Writing on Cinema

## सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक पुरस्कार
### हिन्दी सिनेमा का इतिहास (हिन्दी)

लेखक **मनमोहन चड्ढा** को स्वर्ण कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।
प्रकाशक **सचिन प्रकाशन** को स्वर्ण कमल और 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक का 1990 का पुरस्कार **हिन्दी सिनेमा का इतिहास** को दिया गया है जिसमें भारतीय सिनेमा और विश्व सिनेमा के संदर्भ में हिन्दी सिनेमा के विकास पर प्रकाश डाला गया है और इसमें शोध को पर्याप्त महत्व प्रदान किया गया है।

## AWARD FOR THE BEST BOOK ON CINEMA, 1990

### HINDI CINEMA KA ITIHAS (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Author: **MANMOHAN CHADDHA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Publisher: **SACHIN PRAKASHAN**

Citation

The Award for the Best Book on Cinema of 1990 is given to **HINDI CINEMA KA ITIHAS** for placing the development of Hindi Cinema in the context of the totality of Indian Cinema and World Cinema, while giving due importance to research.

**मनमोहन चड्ढा** ने अर्थशास्त्र में एम.ए. करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से पटकथा लेखन में डिप्लोमा प्राप्त किया। वे 8 वर्ष तक संस्थान में लघु फिल्मों के निर्माण, निर्देशन तथा लेखन से जुड़े रहे। दूरदर्शन के लोकप्रिय धारावाहिक **हम लोग** में उन्होंने सहायक निर्देशक तथा एक अन्य धारावाहिक **अजूबे** में मुख्य सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। 1989 में उन्हें सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



**MANMOHAN CHADDHA:** a post-graduate in Economics; diploma holder in Screenplay-writing from FTII where he wrote and produced short films; asstt. director, Humlog TV serial and chief asstt. director, Ajoobe; won the best film critic award of 1989.

## सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक पुरस्कार
## शोमा. ए. चटर्जी

फिल्म समीक्षक **शोमा. ए. चटर्जी** को रजत कमल और 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक का 1990 का पुरस्कार **शोमा. ए. चटर्जी** को दिया गया है। उन्होंने फिल्म समीक्षा के पुराने ढर्रे से हट कर समीक्षा की नई शैली अपनाई है। उन्होंने अपनी रचनाओं में विभिन्न विषयों पर लेखनी चलाई है। भेंट वार्ता हो या समीक्षा या किसी असाधारण विषय का विश्लेषण, उनमें गहराई के साथ-साथ श्रेष्ठता के दर्शन होते हैं।

## AWARD FOR THE BEST FILM CRITIC
## SHOMA A. CHATERJEE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000/-

Citation

The Award for the Best Film Critic of 1990 is given to SHOMA A. CHATTERJEE, who has managed admirably to get away from routine and the beaten track. She has covered an astonishing range of subjects in the articles submitted. Whether it is an interview, a critique or analysis of an unusual subject, she has combined depth with elegance.

**शोमा ए. चटर्जी** वरिष्ठ फिल्म समीक्षक हैं और अंग्रेजी तथा बंगला की 25 से अधिक पत्र-पत्रिकाओं के लिए समीक्षायें लिखती हैं। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं। वे बम्बई के दो कालेजों में पत्रकारिता और अर्थशास्त्र पढ़ाती हैं। वे महिला निर्देशकों के मैनहाइम राऊंड टेबल की एशियाई शाखा की संयोजिका हैं। उन्होंने मैक्शीगन में महिला स्वास्थ्य और विकास के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। वे अनेक फिल्म समारोहों और गोष्ठियों में अपने आलेख पढ़ चुकी हैं। उनका एक कहानी-संग्रह भी प्रकाशित हुआ है।



**SHOMA A. CHATTERJI:** prolific film critic contributing to about 26 newspapers and journals in English and Bengali; convenor, Asian segment, International film week (1989, 1990) at Mannheim on Women Directors of Three worlds; attended on invitation the International conference on Women, Health & Development at East Lensing in Michigan; author of a book on Women's issues and a Collection of Short stories; teaching Journalism and Economics in two different colleges in Bombay; two of her books on women's issues are under publication.

# कथासार: Synopes:
# कथाचित्र Feature Films

## अग्निपथ

हिन्दी/रंगीन/170 मिनट

**निर्माण:** यश जौहर **निर्देशन:** मुकल एस. आनन्द **पटकथा:** संतोष के. सरोज **मुख्य अभिनेता:** अमिताभ बच्चन **सह-अभिनेता:** मिथुन चक्रवर्ती **सह-अभिनेत्री:** रोहिणी हट्टंगड़ी **बाल कलाकार:** मंजूनाथ नागराज **छायांकन:** प्रवीण भट्ट **सम्पादन:** वामन भोंसले, गुरु दत्त शिरले **कला निर्देशन:** सुधेन्दु राय

मास्टर दीनानाथ एक गांव में रहते हैं। वे अपने पुत्र विजय को सीख देते हैं कि वह अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करेगा और अग्निपथ अपनायेगा। लेकिन वहाँ रहने वाला बदमाश कांचाचीना गांव में मनमानी करना चाहता है और मास्टर दीनानाथ को अपनी राह का रोड़ा समझकर उनका काम तमाम कर डालता है। मास्टर दीनानाथ का परिवार गांव छोड़कर शहर चला जाता है। विजय शपथ लेता है कि वह एक दिन अपनी मां को गांव वापस अवश्य लायेगा। इसके बाद विजय कठोर राह अर्थात् अग्निपथ पर चलने लगा। वह एक मासूम बालक से खतरनाक बदमाश बन जाता है। अपने एक साथी कृष्णन अय्यर को, शहर से बाहर पढ़ रही अपनी बहन और मां की रक्षा का काम सौंप कर अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए निकल जाता है। कांचाचीना उसे मारीशस बुलाता है। विजय वहां उसकी हत्या करने का प्रयास करता है लेकिन सफल नहीं हो पाता। इस पर वह बाद में अपना काम पूरा करने के विचार से कांचा के साथ मिलकर काम करने का समझौता कर लेता है। विजय जब वापस आता है तो उसे पता चलता है कि उसकी बहन कृष्णन अय्यर से प्यार करती है। इसके बाद के घटना-क्रम में विजय की मां उसे परिवार के नाम पर कलंक बताती है। निराश होकर विजय अग्निपथ पर अग्रसर हो जाता है और अन्त में अपनी मां की गोद में आकर मरता है।



## AGNEEPATH

Hindi/colour/170 mts.

**Producer:** Yash Johar **Director:** Mukul S. Anand **Screenplay Writer:** Santosh K. Saroj **Leading Actor:** Amitabh Bachchan **Supporting Actor:** Mithun Chakraborty **Supporting Actress:** Rohini Hattangady **Cinematographer:** Pravin Bhatt **Editor:** Waman Bhonsle, Guru Dutt Shirale **Art Director:** Sudhendu Ray

Take the path of fire... and you shall not falter...not tire... and achieve your goal...is what Master Dinanath taught his son Vijay. But then gangster Kancha Cheena wanted the village for his devious activities...the Master would be a hinderance...he was done away with. Uprooted, humiliated...the Master's family migrated to the city across the sea. Vijay swore that one day he will give the village back to his mother. Vijay did take the path of fire. From a shoe shine boy he became a dreaded gangster called Bhai. Saved twice by a coconut vendor, Krishnan Iyer, Vijay puts him up to protect his sister who was studying outside the city. His mother did not see eye to eye with Vijay on his guest who is to be number one of the underworld. Vijay did what he was invited to do by Kancha Cheena to Mauritius. He survived a plot to kill him. When he came back he found his sister in love with Krishnan Iyer..in the ensuing drama his mother calls him a blot on the family. A shattered Vijay is left to the path of fire...finally dying on the lap of his mother.

# अमारम

मलयालम/रंगीन/151 मिनट

**निर्माणः** बाबू तिरुवल्ला **निर्देशनः** भारतन **पटकथाः** ए.के. लोहितदास **मुख्य अभिनेताः** मम्मुटी **मुख्य अभिनेत्रीः** मतु **सह-अभिनेताः** मुरली **सह-अभिनेत्रीः** के.पी.ए.एस. ललिता **छायांकनः** मधु अम्बट **ध्वनि आलेखनः** वी.एस. मूर्ति **सम्पादनः** बी. लेनिन **कला निर्देशनः** साबू **वेशभूषाः** दुराई **संगीत निर्देशनः** रवीन्द्रन **गीतकारः** कैथापरम दामोदरन नम्बूदरी **पार्श्व गायकः** येसुदास **पार्श्व गायिकाः** के.एस. चित्रा

अचुत्ती एक मछुआरा है जो अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद अपनी बेटी को लेकर समुद्री किनारे के दूसरे हिस्से में चला जाता है। वहाँ पर कोचुरामन, उसकी पत्नी भार्गवी, बहन चन्देरी और बेटा रघु अचुत्ती की मदद करते हैं। वह अपनी बेटी राधा को डॉक्टर बनाना चाहता है। राधा दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करती है और उसे मैडल मिलता है। वह कालेज में दाखिल हो जाती है और अचुत्ती उसे पढ़ाने के लिए खूब मेहनत करता है। इस बीच राधा की दोस्ती रघु से हो जाती है। एक दिन अचुत्ती उन दोनों को पास-पास बैठे देखकर भड़क उठता है और रघु को पीटता है। पहले अचुत्ती और चन्देरी के बीच शादी होने वाली थी, लेकिन इस घटना के बाद दोनों परिवार अलग-अलग हो जाते हैं। एक दिन अचुत्ती को पता चलता है कि राधा लापता है। जब उसे कोई बताता है कि वह कोचुरामन के घर की ओर गई है तो वह वहाँ पहुंच कर धमकी देता है अगर राधा को कुछ हो गया तो वह रघु को जिंदा नहीं छोड़ेगा। किन्तु अगले दिन वह देखता है कि राधा और रघु वर-वधू के रूप में कोचुरामन के घर जा रहे हैं। दुखी होकर अचुत्ती अपने घर की सारी चीजें तहस-नहस कर डालता है। तभी चंदेरी की शादी भी भार्गवी के किसी रिश्तेदार से हो जाती है। एक दिन जब रघु मछली पकड़ने के बाद घर नहीं लौटता तो सबको शक होता है कि अचुत्ती ने उसे मार डाला है। गुस्से में आकर अचुत्ती समुद्र की ओर जाता है, जहां रघु अपनी नाव में बेहोश पड़ा है। जब वह उसे उठाकर घर लाता है तो सभी सोचते हैं कि वह मर चुका है। लेकिन जब रघु अपनी आँखें खोलता है तो कोचुरामन और राधा, अचुत्ती से माफी मांगते हैं।



# AMARAM

Malayalam/colour/151 mts.

**Producer:** Babu Thiruvella **Director:** Bharathan **Screenplay Writer:** A.K. Lohithadas **Leading Actor:** Mammootty **Leading Actress:** Mathu **Supporting Actor:** Murali, **Supporting Actress:** K.P.A.C. Lalitha **Audiographer:** V.S. Moorthy **Editor:** B. Lenin **Art Director:** Sabu **Lyricist:** Kaithaparam Damodaran Namboodiri **Music Director:** Raveendran **Male Playback Singer:** K.J. Yesudas **Female Playback Singer:** K.S. Chithra **Costume Designer:** Dwarai

After the death of his wife, Achutty, a fisherman, comes with his daughter Radha to another part of the seashore. There Kochuraman, his wife, Bhargavi, sister Chandri and son Raghavan help Achutty whose ambition is to make Radha a doctor. She tops the SSLC exam. and gets a medal from the school. She joins college and Achutty works hard for her. Meanwhile, Radha is attracted to Raghu and one day when Achutty saw them sitting intimately he gets angry and beats Raghu. Moreover, Achutty and Chanderi were about to marry. But the families separate now. One evening, Achutty finds Radha missing and when told she had been to Kochuraman's house he goes there and threatens that if anything happens to Radha, Raghu will not live. But next day, he finds Radha and Raghu going to Kochuram's house as wedded. Pained, Achutty destroys everything in the house. Soon, Chanderi also gets married to one of Bhargavi's relatives. One day, Raghu did not return after fishing and everyone suspects that Achutty had killed him. Enraged, Achutty goes to the sea and finds Raghu lying unconscious in his boat. When brought home everybody think he is dead but when he opens his eye Kochuraman and Radha apologise. Achutty goes out to the sea.

## अंजलि

तमिल/रंगीन/150 मिनट

**निर्माण:** सुजाता प्रॉडक्शन प्रा.लि. **निर्देशन/कहानी/पटकथा:** मणि रत्नम **मुख्य अभिनेता:** रघुवरन **मुख्य अभिनेत्री:** रेवती **सह-अभिनेता:** प्रभु **बाल कलाकार:** श्रुति, तरुण, शामिली **छायांकन** मधु अम्बट **ध्वनि आलेखन:** एन. पांडुरंगन **सम्पादन:** लेनिन, वी.टी. विजयन **कला निर्देशन:** थोट्टा थरानी **वेशभूषा:** वी. साईबाबू **संगीत निर्देशन:** इलयाराजा **गीतकार:** वाली

चित्रा मानसिक रूप से अविकसित बच्चे को जन्म देती है। उसका पति शेखर उससे झूठ बोलता है कि उसने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया है। मानसिक रूप से अविकसित बच्चे को ऐसे बच्चों की देखभाल करने वाली एक संस्था "आशीर्वाद" को सौंप दिया जाता है। शेखर, चित्रा को घर लाता है, जहाँ उनके दो और बच्चे अर्जुन और अनु हैं। करीब दो वर्ष बाद शेखर, चित्रा को सच्ची बात बता देता है और चित्रा अपनी बेटी को वापस लाने की ज़िद करती है। वे अंजलि को घर लाते हैं, किन्तु उनके दोनों बच्चे अंजलि से दूर ही रहते है। अंजलि की हरकतों से घर में और पड़ोस में उलझनें पैदा हो जाती हैं। शेखर और चित्रा अपने बच्चों को समझाते हैं कि अंजलि स्वर्ग से आई हुई अलग तरह की बच्ची है, जिस पर विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है। बच्चे धीरे-धीरे इस विशेष बालिका को अपनाने लगते हैं। लेकिन तभी एक बीमारी का शिकार होकर अंजलि गुज़र जाती है, किन्तु इससे पहले वह ऐसे लक्षण दिखाती है कि वह अपनी माँ को पहचानने लगी है।



## ANJALI

Tamil/colour/150 minutes

**Producer:** Sujatha Productions Pvt. Ltd **Director/Screenplay—Writer:** Mani Ratnam **Leading Actor:** Raghuvaran **Leading Actress:** Ravathi **Supporting Actor:** Prabhu **Cinematographer:** Madhu Ambat **Audiographer:** N. Pandurangan **Editor:** Lenin & V T Vijayan **Art Director:** Thotta Tharani **Lyricist:** Vaali **Music Director:** Illaiyaraja **Costume Designer:** V. Saibabu

A complicated operation...the birth of a mentally retarded child...and on doctor's advise Sekhar lies to his wife Chitra that she gave birth to a still born child. The mentally retarded child is assigned to Ashirwad, a home for them. Sekhar brings Chitra home where their two other children Arjun and Anu are growing. After a couple of years, Sekhar blurts out the truth and Chitra insists that he should bring her home. Anjali is brought. Arjun and Anu are baffled the way she behaves. They keep aloof from her though Anjali tries to befriend them. Her presence brings its own problems to the household and neighbourhood. Children refuse to accept her. Sekhar and Chitra tell their children that Anjali is a very special child from heaven, needing utmost care and love. The children gradually condescend to accept this special child as also others. But then a fatal sickness is about to take away Anjali but not before she shows signs of recognising her mother Chitra, and demonstrates it by calling out her name.

# आत्मजा

बंगला/रंगीन/83 मिनट

**निर्माण:** राज कुमार जैन **निर्देशन/पटकथा:** नब्येन्दु चटर्जी **मुख्य अभिनेता:** अर्जुन चक्रवर्ती **मुख्य अभिनेत्री:** गौरी घोष **सह-अभिनेता:** पार्थ सारथी **सह-अभिनेत्री:** रत्ना सरकार मंडल **बाल कलाकार:** महाश्वेता बनर्जी **छायांकन:** गौर करमाकर **ध्वनि आलेखन:** अनूप मुखोपाध्याय **सम्पादन:** निकुंज भट्टाचार्य **कला निर्देशन:** प्रसाद मित्रा **वेशभूषा:** दिवाकर मंडल **संगीत निर्देशन:** खोकोन चौधरी

सुजाता एक स्कूल अध्यापिका है। सिलिगुड़ी से रेलगाड़ी द्वारा कलकत्ता जाते हुए वह अपनी यात्रा के दौरान अपने अतीत को याद करती है। अजय और विजय उसके दो बेटे हैं। अजय एक राजनीतिक कार्यकर्ता है और विजय बेकार है। घर का खर्च सुजाता की ही मामूली आय से चलता है। एक दिन विजय घर से भाग जाता है, उसके पति की मृत्यु हो जाती है और अजय की राजनीतिक हत्या कर दी जाती है। विजय कई वर्ष बाद उसे कलकत्ता में अपने शानदार फ़्लैट में बुलाता है। विजय और उसकी पत्नी जौली सुजाता के साथ बहुत अच्छा व्यवहार करते हैं और उनमें अच्छा सम्बन्ध कायम हो जाता है। किन्तु जल्दी ही वह उस घर के शान-शौकत के बनावटी माहौल से तंग आ जाती है। इस बीच उसकी मुलाकात विद्युत से होती है जो उसके बेटे अजय से मिलता-जुलता है। उसके परिवार के साथ उसका मेल-जोल बढ़ जाता है। तभी उसे रत्ना का पत्र मिलता है, जिसके साथ अजय की शादी होने वाली थी। रत्ना की अब शादी हो चुकी है किन्तु वह अपने पति के रूखे व्यवहार से दुखी है। एक दिन विद्युत को कुछ गुंडे मारते-पीटते हैं। सुजाता उसकी देखभाल करने लगती है। रात को उसे सपना आता है जिसमें वह गर्भवती है और एक पालना दिखाई देता है और जिसमें अजय और विद्युत मौजूद हैं। जैसे ही वह पालने को झुलाती है उसमें नई चेतना जाग उठती है। इसके बाद वह अजय और जौली का घर छोड़ देती है।



# ATMAJA

Bengali/colour/83 mts.

**Producer:** Raj Kumar Jain **Director/ Screenplay—Writer:** Nabyendu Chatterjee **Leading Actor:** Arjun Chakravorty **Leading Actress:** Gouri Ghosh **Supporting Actor:** Partha Sarathi Deb **Supporting Actress:** Ratna Sarkar Mandal **Cinematographer:** Gour Karmakar **Audiographer:** Anup Mukhopadhya **Editor:** Nikunja Bhattacharya **Art Director:** Prasad Mitra **Costume Designer:** Divakar Mandal

Sujata, a school teacher, relieves her past in a railway compartment on her way to Calcutta from Siliguri. Sujata has two sons, Ajay, a political-activist and Bijay, a sort of good for nothing. The family survives on her meagre earnings. One day, Bijay flees his home; her husband dies and Ajay is politically annihilated. Years later, Bijay calls her to Calcutta in his posh flat. Bijay and his wife Jolly are very nice to her and a rapport develops. But soon she gets tired of his cocktail circuits and the resultant hollowness. Meanwhile, she meets Bidyut in whom she finds Ajay's image and become close to his family. As she gets fed up with Bijay's life style she receives a letter from Ratna who was to have married Ajay. Ratna, now married but unhappy with her somewhat coarse husband. One day Bidyut, who is a trade unionist, is beaten up by hired hoodlums. Sujata rushes to nurse him and gets emotionally worked up. That night she has a dream-lying pregnant and then there appears a cradle carrying Ajay and Bidyut. As she swings it she becomes the midwife of the revolution. Sujata wakes up and bids farewell to Ajay and Jolly.

# दृष्टि

हिन्दी/रंगीन/177 मिनट

**निर्माण/निर्देशन/छायांकन:** गोविन्द निहलाणी **पटकथा:** शशि देशपाण्डे **मुख्य अभिनेता:** शेखर कपूर **मुख्य अभिनेत्री:** डिम्पल कपाड़िया **सह-अभिनेता:** विजय कश्यप **सह-अभिनेत्री:** मीता वशिष्ठ **बाल कलाकार:** तबस्सुम **ध्वनि आलेखन:** अजय मुंजाल, हितेन्द्र घोष **सम्पादन:** दीपक सहगल **कला निर्देशन:** नितीश रॉय **वेशभूषा:** आरती कालिया **संगीत निर्देशन:** किशोरी अमोनकर **गीतकार:** वसन्तदेव **पार्श्व गायक:** रघुनन्दन पनशीकर **पार्श्व गायिका:** किशोरी अमोनकर

संध्या और निखिल शिक्षित पति-पत्नी हैं और बम्बई में रहते हैं। दोनों अच्छी नौकरी पर हैं। उनकी शादी की आठवीं सालगिरह के समारोह में संध्या के मित्रों के साथ राहुल नाम का एक गायक भी आता है। संध्या अचानक उस युवक की ओर आकर्षित हो जाती है और दोनों का सम्बन्ध आगे बढ़ने लगता है। लेकिन निखिल के प्रति संध्या के प्यार में कोई कमी नहीं आती। अपनी एक सहेली प्रभा की सलाह पर संध्या राहुल से मिलना-जुलना बन्द कर देती है। तभी संध्या को पता चलता है कि वह गर्भवती है। निखिल दूसरा बच्चा अभी नहीं चाहता इसलिए वह संध्या से गर्भपात कराने को कहता है। संध्या पहले तो मना करती है लेकिन बाद में तैयार हो जाती है। इससे उन दोनों के सम्बन्धों में परिवर्तन आ जाता है। निखिल संध्या को बताता है कि वह वृन्दा से प्यार करता है और उससे तलाक लेने का इच्छुक है। संध्या इसके लिए राजी हो जाती है और वह अकेली रहने लगती है। तभी वृन्दा के साथ निखिल का सम्बन्ध टूट जाता है। वे दोनों समुद्र के किनारे मिलते हैं। संध्या राहुल के साथ अपने सम्बन्धों के बारे में बताती है। जब निखिल उससे पूछता है कि जो गर्भपात कराया गया था वह बच्चा क्या राहुल का था? संध्या ईमानदारी से जवाब देती है कि "नहीं, वह बच्चा तुम्हारा था।"




## DRISHTI

Hindi/colour/177 minutes

**Producer/Director:** Govind Nihalani **Screenplay-Writer:** Shashi Deshpande **Leading Actor:** Shekhar Kapoor **Leading Actress:** Dimple Kapadia **Supporting Actor:** Vijay Kashyap **Supporting Actress:** Mita Vasisht **Cinematographer:** Govind Nihalani **Audiographer:** Ajay Munjal and Hitendra Ghosh **Editor:** Deepak Segal **Art Director:** Nitish Roy **Lyricist:** Vasant Dev **Music Director:** Kishori Amonkar **Male Playback Singer:** Raghunandan Panshikar **Female Playback Singer** Kishori Amonkar **Costume Designer:** Arti Kalia

Sandhya and Nikhil, a well-to-do couple work for a publishing house and a multinational firm respectively. Rahul, a vocalist, comes to their 8th wedding anniversary party. Passionate as she is, Sandhya is attracted to him and develops a relationship which, however, she terminates on advise of her confidante Prabha. Sandhya discovers she is pregnant. Though at first they evade an abortion, Sandhya ultimately goes through the trauma and her relationship with Nikhil suffers. Nikhil reveals he has an affair with Vrinda and asks for a divorce and she reluctantly agrees. Nikhil's affair with Vrinda collapses and he comes back. When she tells him of her affair he asks whether the aborted child was Rahul's. "No, it was yours", she says.

# एक डॉक्टर की मौत

हिन्दी/रंगीन/122 मिनट

**निर्माण:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि. **निर्देशन/पटकथा/संगीत निर्देशन:** तपन सिन्हा **मुख्य अभिनेता:** पंकज कपूर **मुख्य अभिनेत्री:** शबाना आजमी **सह-अभिनेता:** इरफान खान **सह-अभिनेत्री:** दीपा साही **छायांकन:** सोमेन्दु राय **संपादन:** सुबोध राय **कला निर्देशन:** अशोक बोस **वेशभूषा:** अरुन्धती देवी

यह फिल्म तीन हिस्सों में है। पहले भाग में एक डाक्टर की प्रारंभिक इच्छाओं के साथ-साथ यह दिखाया गया है कि वह अपनी पत्नी से नैतिक बल प्राप्त करता है। वह प्रतिभाशाली व्यक्ति है लेकिन ज़रा-ज़रा सी बात पर उबल पड़ता है। उसने कृत्रिम जन्म के क्षेत्र में एक सनसनीखेज खोज की है। असल में इस खोज में उसकी पत्नी का भी उसके बराबर ही हाथ है, क्योंकि उसने अपनी इच्छाओं और सुख की परवाह न करते हुए अपना सर्वस्व डॉक्टर और उसके काम के लिए न्यौछावर कर दिया।

फिल्म के दूसरे भाग में कुछ घटनाएं दिखाई गई हैं।

इसका अन्तिम भाग कुछ दुखद पहलुओं के बावजूद आशाजनक है। उन्हें अपनी खोज के लिए सम्मान मिलता है। उन्हें नैतिक विजय की तुलना में भौतिक पराजय महत्वहीन लगती है। यह फिल्म नैतिकता के बारे में मौजूदा दृष्टिकोण पर प्रकाश डालती है और ईमानदारी तथा मेहनत के चिरंतन मूल्यों की स्थापना करती है।



# EK DOCTOR KI MAUT

Hindi/colour/122 mts.

**Producer:** National Film Development Corporation Ltd. **Director/ Screenplay—Writer:** Tapan Sinha **Leading Actor:** Pankaj Kapur **Leading Actress:** Shabana Azmi **Supporting Actor:** Irfan Khan **Supporting Actress:** Deepa Sahi **Cinematographer:** Somendu Roy **Editor:** Subodh Ray **Art Director:** Asoke Bose **Music Director:** Tapan Sinha **Costume Designer:** Late Arundhati Devi

The film is in three parts. The initial part shows the doctor's early ambitions and the moral strength he draws from his wife. He is the wayward genius, erratic and given to sudden outbursts. He has made a startling discovery in the sphere of artificially induced births. In fact, it is his wife who is as much as himself is responsible for the new discovery. For she has sacrificed everything for him and his work, never caring for the comforts and joys of a conventional home life.

Comes the interlude delineating the unhapy consequences. The final part is optimistic, inspite of a tragedy. Recognition and honour come from unexpected quarters. The defeat in physical terms is insignificant compared to the moral triumph. Ek Doctor Ki Maut is a statement on contemporary morality and upholds the eternal values of honesty and enterprise.

# घायल

हिन्दी/रंगीन/153 मिनट

**निर्माण:** धर्मेन्द्र **निर्देशन/पटकथा:** राजकुमार संतोषी **मुख्य अभिनेता:** सन्नी देओल **मुख्य अभिनेत्री:** मीनाक्षी शेषाद्रि **सह-अभिनेता:** ओम पुरी **सह-अभिनेत्री:** मौसमी चटर्जी **छायांकन:** राजेश कोठारी **ध्वनि आलेखन:** राकेश राजन **संपादन:** वी.एन. मयेकर **कला निर्देशन:** नितीश रॉय **संगीत निर्देशन:** भप्पी लाहिड़ी **गीतकार:** अनजान/इन्दीवर **पार्श्व गायक:** अमित कुमार, शब्बीर कुमार, कुमार शानु **पार्श्व गायिका:** लता मंगेशकर, एस. जानकी

घायल की कहानी एक युवक अजय मेहरा के आस-पास घूमती है जो उदीयमान बाक्सर है। अपने बड़े भाई अशोक और प्यारी भाभी से हौसला पाकर अजय बाक्सिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अजय एक लड़की से प्यार करता है जो पत्रकार है। जब वह प्रशिक्षण के लिए एक शिविर में जाता है तो वहाँ उसे अपने भाई के रहस्यपूर्ण ढंग से लापता होने की खबर मिलती है। बम्बई लौटकर वह अशोक की खोज में लग जाता है। अपनी इस कोशिश के दौरान उसे पता चलता है कि राजनैतिक और सामाजिक प्रतिष्ठा वाले कई लोगों का उसके भाई की मौत में हाथ है और शायद वे उसके हत्यारे हैं। उनका पर्दाफाश करने की कोशिश में अजय उनके शिकंजे में फंस जाता है। उस पर ही अपने भाई की हत्या का इल्ज़ाम लग जाता है। बेबस और हैरान अजय को उस दुष्टतापूर्ण चाल का पता चल जाता है जिसने उसके भाई का जीवन समाप्त किया और अब उसे बर्बाद करने पर तुला हुआ है। इस अन्याय और अत्याचार से उत्तेजित होकर एक सीधा-सादा आदमी प्रतिशोध के ज्वालामुखी में बदल जाता है।



# GHAYAL

Hindi/colour/153 mts.

**Producer:** Dharmendra **Director/Screenplay—Writer:** Raj Kumar Santoshi **Leading Actor:** Sunny Deol **Leading Actress:** Meenakshi Sheshadri **Supporting Actor:** Om Puri **Supporting Actress: Moushmi Chatterjee Cinematographer:** Rajesh Kothari **Audiographer:** Rakesh Rajan **Editor:** V.N. Mayekar **Art Director:** Nitish Roy **Lyricist:** Anjaan/Indivar **Male Playback Singers:** Amit Kumar, Shabbir Kumar, Kumar Shanu **Female Playback Singer** Janaki **Costume Designer:** Fitwell.

Ajay Mehra, a budding boxer is all set to be a champ. Encouraged by his businessman brother Ashok, his wife and his lady-love, a journalist the four seem to be leading an idyllic life. While on a training camp, Ajay learns of his brother's mysterious disappearence. He returns to Bombay and begins his search. He discovers that many political and Social figures are involved; as he gets going he even finds himself framed for the crime. He realises that the evil web which destroyed his brother is now upon him and that turns him into a volcano of vengence.

## हिज हाईनेस अब्दुल्ला

मलयालम/रंगीन/156 मिनट

**निर्माण:** मोहनलाल **निर्देशन:** सिबी मलायिल **पटकथा:** लोहितदास **मुख्य अभिनेता:** मोहन लाल **मुख्य अभिनेत्री:** गौतमी **सह-अभिनेता:** नेडुमुडि वेणु **छायांकन:** आनन्दकुट्टन **ध्वनि आलेखन:** सम्पत **सम्पादन:** भूमिनाथन **कला निर्देशन:** सुरेश **वेशभूषा:** एम.एम. कुमार **संगीत निर्देशन:** रवीन्द्रन **गीतकार:** कैथापरम **पार्श्व गायक:** येसुदास **पार्श्व गायिका:** चित्रा

एक रियासत के राजा उदय वर्मा परोपकारी और कला प्रेमी हैं। उनका पूरा परिवार उन्हें धन और आनन्द का अन्तहीन स्रोत समझता है। एक दिन उदय वर्मा बीमार पड़ जाते है और सब लोग धन पाने की आशा में उन्हे घेर लेते है। उदय वर्मा की पत्नी पागल है, क्योंकि उनके इकलौते बेटे की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वे दोनों एक अनाथ लड़की राधा का पालन-पोषण कर रहे हैं। वर्मा ठीक हो जाता है। सभी रिश्तेदार यह जानकर निराश हो जाते हैं कि सम्पत्ति का बंटवारा उनकी मृत्यु के बाद ही होगा। उनका बम्बई में रहने वाला एक भतीजा रवि, उनकी हत्या के लिए एक गुंडे को किराये पर लेने का सुझाव देता है। इसी सिलसिले में अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति वहाँ पहुंचता है। वह असल में कोई हत्यारा नहीं बल्कि एक कव्वाल है, जो एक ब्राह्मण अनाथन् के नाम से वहां आता है और अपने संगीत से उदय वर्मा का दिल जीत लेता है। उदय वर्मा उसमें अपने खोए हुए बेटे का रूप देखते हैं। राधा को भी संगीत और नृत्य का शौक है उसे अब्दुल्ला से प्यार हो जाता है। वर्मा के और निकट आने के कारण अब्दुल्ला राधा का संरक्षक भी बन जाता है। इस स्थिति में दुखी होकर रिश्तेदार एक नये हत्यारे को बुलवाते हैं और अब्दुल्ला को रास्ते से हटाने की योजना तैयार करते हैं। लेकिन जब वर्मा को उसकी असलियत का पता चलता तो वह मरने का फैसला कर लेता है। अब्दुल्ला वर्मा को बचाने की कोशिश करता है और घमासान संघर्ष होता है। अब्दुल्ला दया की याचना करता है और इस तरह वह वर्मा का खोया हुआ बेटा उन्नी और राधा का पति अनाथन् बन जाता है।



## HIS HIGHNESS ABDULLAH

Malayalam/colour/156 mts.

**Producer:** Mohanlal **Director:** Sibi Malayil **Screenplay—writer:** Lohithadas **Leading Actor:** Mohanlal **Leading Actress:** Goutami **Supporting Actor:** Nedumudi Venu **Cinematographer:** Anandakuttan **Audiographer:** Sampath **Editor:** Bhoominathan **Art Director:** Suresh **Lyricist:** Kaithaparam **Music Director:** Ravindran **Male Playback Singer:** Yesudas **Female Playback Singer:** Chitra **Costume Designer:** M.M. Kumar.

Udaya Verma, the head of a princely state, philanthropist and lover of arts, belived in Shakespeare's words, "If music is the food of life then play on". His entire family took him as an unending source of money and comforts. One day Verma fell sick and everyone gathered in anticipation of the resultant monetary gain. Verma's wife became mentally deranged when her only son died in an accident. They were bringing up an orphan girl Radha who brought them much needed solace. Verma recovers to the disappointment of others who came to know that as per Verma's will partition would be effected only after his death. Ravi, a Bombay-based nephew, suggests the need for a hired killer and thus enters Abdullah, a qawwali singer, disguised as Anathan from the famous brahmin family. Abdullah was no killer and he wins the heart of the Highness with his music. He becomes the lost son of the house. Radha, fond of music and dance, falls for him and as he gets closer to Verma he becomes his Protector too. Furious, vested interests bring in a new killer and plans to put it on Abdullah. But Verma decides to die when comes to know of his real identity. Abdulla tucks away Verma and a fierce encounter takes place. Abdulla pleads for mercy and it is granted. He becomes Unni, the long lost son and Anathan, the prince of Radha's heart.

# इशानऊ

मणिपुरी/रंगीन/94 मिनट

**निर्माण/निर्देशन/संगीत**: अरिबम श्याम शर्मा **पटकथा**: एम.के. विनोदिनी देवी **मुख्य अभिनेता**: कंगाबम तोम्बा **मुख्य अभिनेत्री**: अनौबम किरणमाला **सह-अभिनेता**: सोराईसम धीरेन **सह-अभिनेत्री**: मानबी देवी **बाल कलाकार**: बेबी मोल्ले **छायांकन**: गिरीश पढियार **ध्वनि आलेखन**: दुर्गा दास मित्रा **सम्पादन**: उज्वल नन्दी **कला निर्देशन/वेशभूषा**: एम.के. विनोदिनी देवी

मणिपुर घाटी में किसी स्थान पर एक परिवार सुखी जीवन बिता रहा है। इसमें पति-पत्नी और उनका बच्चा है। पत्नी थम्पा प्रेत छाया की शिकार हो जाती है जिसे स्थानीय लोग मैबी कहते हैं। उसे बार-बार दौरे पड़ते हैं और कभी-कभी वह समाधि की मुद्रा में बैठ जाती है। अन्त में वह मैबी गुरु की तलाश में घर से भाग जाती है। इससे पूरा परिवार बिखर जाता है। कई तरह की अनहोनी और रहस्यमयी घटनायें होने लगती हैं। लोग अपने रोजमर्रा के कामों में भी मैबी लोगों से तंत्र-मंत्र, नृत्य, पूजा आदि कराने लगते हैं। परम्परागत मणिपुरी जनजीवन की शानदार झांकी इस फिल्म में देखने को मिलती है। रहस्यपूर्ण जीवन के इस जाल में थम्पा खो जाती है और उसके माध्यम से एक माँ की पीड़ा को दर्शाया गया है जो अपने बेटे का लालन-पालन करना चाहती है किन्तु उसका बेटा उसके लिए अजनबी है। फिल्म के अन्त में ऐसा दृश्य दिखाया गया है जिससे धार्मिक समारोह की गरिमा और महिमा लगभग समाप्त हो जाती है।

# ISHANOU

Manipuri/colour/94 minutes

**Producer—Director:** Aribam Syam Sharma **Screenplay—Writer:** M.K. Binodini Devi **Leading Actor:** Kangabam Tomba **Leading Actress:** Anoubam Kiran Mala **Supporting Actor:** Sorai Sam Dhiran **Supporting Actress:** Manbi Devi **Cinematographer:** Girish Padhiar **Audiographer:** Durga Das Mitra **Editor:** Ujjal Nandi **Art Director/Costume Designer:** M.K. Binodini Devi

In the Manipur valley lives a happy family,—husband, wife and their child under the protective authority of the market-woman head of the family. Thampa, the young wife is possessed by the mysterious Maibi phenomenon. She has violent fits and trances and finally runs away in quest of her Maibi guru. The family breaks away. Magic and mystery descend upon the mundane, world of buying, selling and rituals. Behind the traditional Manipuri life Thampa almost loses herself to the mysterious, there lurks the pain of a mother who can no longer nurture her child growing into a stranger.



# अय्यर दी ग्रेट

मलयालम/रंगीन/120 मिनट

**निर्माण:** रथीश **निर्देशन:** भद्रण मट्टेल **पटकथा:** मलयत्तूर रामकृष्णन् **मुख्य अभिनेता:** मम्मूटी **मुख्य अभिनेत्री:** गीता **सह-अभिनेता:** देवन **सह-अभिनेत्री:** सुकुमारी **छायांकन:** आनन्द कुट्टन **ध्वनि आलेखन:** एम.आर. स्वामीनाथन् **सम्पादन:** एम.एस. मणि **कला निर्देशन:** राजीव अंचल **वेशभूषा:** एज़ूमलई **संगीत निर्देशन:** एम.एस. विश्वनाथन **गीतकार:** पूर्वाचल खदेर **पार्श्व गायिका:** जानकी

सूर्य नारायण अय्यर एक मध्यम वर्गीय व्यक्ति है जो अपनी माँ और पत्नी के साथ सुखी जीवन बिता रहा है। वह एक बीमा कम्पनी में अधिकारी है और उसकी पत्नी बढ़िया ढंग से घर चला रही है। उन्हें एक ही कमी है कि उनके यहां सन्तान नहीं हुई। किन्तु उन्होंने मैत्री नाम का तोता पाल रखा है जिसे प्यार करके वह अपना मन बहलाते हैं। एक बार मैत्री को शरारत सूझी और वह उड़ गई। सूर्य नारायण उसका पीछा करते हुए पेड़ पर चढ़ता है और उसे चक्कर आने लगते हैं। तब से उसे उल्टी-सीधी चीजें दिखाई देने लगती हैं और बुरे-बुरे ख्याल आते हैं। एक और मुसीबत यह आ जाती है कि उस पर बिजली गिरती है। वह ठीक तो हो जाता है लेकिन उसका दिमागी संतुलन बिगड़ जाता है। ऊपर से वह सामान्य लगता है लेकिन उसके दिल और दिमाग में तरह-तरह की क्रियायें और प्रतिक्रियायें चलती रहती हैं। उसे विचित्र संदेश सुनाई देते हैं और अजीब-अजीब दृश्य दिखाई देते हैं। वह भविष्य की घटनाओं को भी देखने लगता है और सही भविष्यवाणियाँ करके आस-पास के लोगों को कई विपत्तियों से बचा लेता है। लोग उसे पैगम्बर मान कर सम्मान देते हैं, लेकिन बहुत से लोग उसके विरोध में उठ खड़े होते हैं। वह अपने सभी प्रिय व्यक्तियों और वस्तुओं से वंचित हो जाता है। निहित स्वार्थ हावी हो जाते हैं और जैसा कि पैगम्बरों के साथ होता रहा है, वह भी शहीद हो जाता है।



# IYER THE GREAT

Malayalam/colour/120 mts

**Producer:** Ratheesh **Director:** Bhadran Mattel **Screenplay—Writer:** Malayattoor Ramakrishnan **Leading Actor:** Mammooty **Leading Actress:** Geetha **Supporting Actor:** Devan, Sukumar **Cinematographer:** Ananda Kuttan **Audiographer:** Swaminathan **Editor:** M.S. Money **Art Director:** Rajeev Anchal **Lyricist:** Poovachal Khader **Music Director:** M.S. Viswanathan **Female Playback Singer:** Janki **Costume Designer:** Ezhumalai.

The film tells the story of an abnormal phenomenon-Iyer, the man who saw tomorrow-rose from ordinary to oracle-possessing extra—sensory perception. Surya Narayan Iyer was leading a typical middle class existence having a contented life with his mother and loving wife managing the household. He was working as an executive in an Insurance firm. Their only regret was the absence of a child but had one solace-the naughty- impish parrot Maitry on whom both showered their affection. One day Maitry got naughty and flew away. Surya follows her up a tree and gets an attack of vertigo. From then on he starts seeing things in disharmony including ominous illusions. To add to this he is struck by lightning. He recovers but there is abnormality. His BP reads 243/58. But outwardly he is quite normal. The dark interiors of his mind undergo chain reactions and a churning. He starts receiving messages, visuals, times, colours and patterns. He starts seeing through the future-making precise predictions, saving major disasters and saving people around him. He is lauded as a prohet and gets his due from opposition. He loses everything he loves most. Vested interests surface and like all prophets before him he too had to attain martyrdom.

## जूज

असमिया/रंगीन/108 मिनट

**निर्माण:** बिपुल बरुआ **निर्देशन/पटकथा:** हेमन दास **मुख्य अभिनेता:** पुलिन नाथ **मुख्य अभिनेत्री** सीता रानी हजारिका **छायांकन:** मधु मोहन काली **ध्वनि आलेखन:** परतिबोन सिने सर्विस **संगीत निर्देशन:** खगेर महन्ता, रामेन चौधरी **कला निर्देशन:** फटिक बरुआ

गणपति एक धनी किसान है जो सामन्ती प्रथा का प्रतीक है। त्यौहारों के अवसर पर होने वाले भैंस-युद्धों में उसकी भैंस हमेशा विजयी होती है, क्योंकि वह बहुत तगड़ी और प्रशिक्षित है। लेकिन एक बार गणपति की भैंस छोटी जाति के एक गरीब व्यक्ति भोगई की भैंस से हार जाती है। गणपति इस हार का बदला लेने का निश्चय करता है किन्तु उसकी इकलौती बेटी मोइना को अपने पिता का यह रवैया पसन्द नहीं है और भोगई के प्रति उसके मन में स्नेह का भाव है। हालात ऐसे बनते हैं कि भोगई को अपने बीमार पिता का इलाज कराने के लिए अपनी भैंस को हाफिज़ के हाथों बेचना पड़ता है। हाफिज़ उस भैंस को गणपति को बेच देता है, जो भैंस को प्रशिक्षण देना शुरू कर देता है। मोइना को यह सब अच्छा नहीं लगता। उधर भोगई के पिता की मृत्यु हो जाती है। माघ बिहु का त्यौहार आ जाता है और गणपति को आशा है कि वह इस बार जीत कर अपनी प्रतिष्ठा फिर बना लेगा। भोगई के पास अपनी कोई भैंस नहीं है लेकिन वह भैंसों की लड़ाई देखने जाता है। मुकाबले में गणपति की भैंस इस बार भी हार जाती है और उसे अपमान झेलना पड़ता है। लेकिन भोगई अपनी भैंस को हारता नहीं देख पाता और वह अपने जानवर को वापस लड़ाई के मैदान में भेज देता है। इस बार भैंस डट कर मुकाबला करती है और जीत जाती है। गणपति इसे अपनी विजय मानता है किन्तु मोइना को असलियत का पता है।



## JOOJ

Assamese/colour/108 mts.

**Producer:** Bipul Baruah **Director/ Screenplay—Writer:** Hemen Das **Leading Actor:** Pulin Nath **Leading Actress:** Sitarani Hazarika **Supporting Actors:** Hari Deka, Dr. Hemen Barman **Supporting Actresses:** Santichaya Roy, Minakumari Barman **Cinematographer:** Madhu Mahonkali **Audiographer:** Parthibon Cine **Art Director:** Phatik Barua

Ganapati, a wealthy agriculturist, symbolises feudalism. His buffalo, well-fed and well-trained, had always been the natural winner in ceremonial duels. Ganapati's buffalo, however, meets its match and the defeat proves all the more humiliating as the winner belongs to Bhogai, a poor-low caste man. Ganapati vows to avenge the defeat. His only daughter, Moina is, however, sore at his hostile attitude and even has affection for Bhogai. But things worsen and Bhogai has to sell his buffalo to Hafiz for treatment of his ailing father. Hafiz, in turn, sells it to Ganapati who start training the animal. Moina does not like the attitude. Back in town, Bhogai's father passes away. Comes the Magh Bihu festival. Ganapati is sure about regaining his lost glory. Bhogai does not have an animal but goes to see the ceremonial fight. But as luck would have it the animal is overpowered and Ganapati is humiliated again. But Bhogai won't have it and directs it to arena again. The buffalo this time gives a real fight. Ganapati considers the truimph as his own but Moina.....

## कर्त्तव्यम्

तेलुगु/रंगीन/130 मिनट

**निर्माण**: ए.एम. रत्नम **निर्देशन/पटकथा**: ए. मोहन गांधी **मुख्य अभिनेता**: विनोद कुमार **मुख्य अभिनेत्री**: विजया शान्ति **सह-अभिनेता**: पुंडरीकक्षय्या **सह-अभिनेत्री**: निर्मलम्मा **छायांकन**: डी. प्रसाद बाबू **ध्वनि आलेखन**: कोल्ली रामकृष्ण **सम्पादन**: गौतम राजू **कला निर्देशन**: सोमनाथ **वेशभूषा**: चक्रधर राव **संगीत निर्देशन**: राजकोटि **गीतकार**: वेतुरी सुन्दर राममूर्ति **पार्श्व गायक**: एस.पी. बालासुब्रह्मण्यम

एक कर्तव्यनिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी की नियुक्ति एक ऐसे कस्बे में होती है जहाँ एक भ्रष्ट व्यापारी मुद्दु कृष्णय्या की मनमानी चल रही है। उसे गृहमंत्री का संरक्षण प्राप्त है जो इस व्यापारी से मदद लेकर मंत्री बना है। कस्बे में अपनी नियुक्ति के पहले दिन ही पुलिस अधिकारी का उस भ्रष्ट व्यापारी के साथ सामना होता है और वह उसके बेटे को एक लड़की के बलात्कार के आरोप में गिरफ़्तार कर लेती है। यह लड़की एक स्कूल टीचर की बेटी है, जिससे वह खुद भी पढ़ी हुई है। लेकिन अदालत में अपराध साबित नहीं होता क्योंकि मुद्दु गवाहों को अपने पक्ष में कर लेता है। इस तरह अपराधी छूट जाता है। बदले की आग में जलता हुआ वह पुलिस अधिकारी को हटाने पर उतारू हो जाता है। उसे इतनी बुरी तरह से पीटा जाता है कि पुलिस विभाग इस आधार पर उसे मुअत्तिल कर देता है कि वह अपनी ड्यूटी पूरी करने में सक्षम नहीं है। वह उच्च अधिकारियों से अनुरोध करती है कि उसे अपनी क्षमता सिद्ध करने का एक अवसर दिया जाए, जिसे मान लिया जाता है। वह इलाज कराने के बाद फिर से काम संभाल लेती है। इस बार वह दुगुने संकल्प के साथ मुद्दु के बेटे को गिरफ़्तार करने जाती है लेकिन यह जानकार दंग रह जाती है कि वह युवा नेता के रूप में चुनाव लड़ रहा है। जब मुद्दु चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ करने की कोशिश करता है तो वह उसे मार डालती है।



## KARTHAVYAM

Telugu/colour/130 mts.

**Producer:** A.M. Rathnam **Director/ Screenplay—Writer:** A. Mohan Gandhi **Leading Actor:** Vinod Kumar **Leading Actress:** Vijaya Shanthi **Supporting Actor:** Pundari Kakshayya **Supporting Actress:** Nirmallmma **Cinematographer:** D. Prasad Babu **Audiographer:** Kolli Ramakrishna **Editor:** Gowtham Raju **Art Director:** Somanath **Lyricist:** Veturi Sundara Ramamurthy **Music Director:** Raj Koti **Male Playback singer:** S.P. Balasubrahmanyam **Costume Designer:** Chakradhara

A duty-bound Female Police Officer comes to a town parasited by a corrupt businessman Muddukrishnaiah. He is sheltered and protected by the Home Minister who owes his chair to his muscle power. She comes to loggerheads with him from the very first day when she arrests his son for raping the daughter of a school teacher, once her own teacher too. She proceeds to court but fails to prove it as Muddu has the evidence twisted and the culprit gets away. Burning with vengence Muddu now masterminds an agitation in a bid to get rid of her. She is beaten up so badly that she is suspended on the ground of not being physically fit to carry on her duties. She appeals to the higher authorities to be given a chance to prove herself to which they agree. After a vigorous course of phsiotherapy she rejoins the force now cleared by the tribunal. This time she is doubly determined and proceeds to arrest Muddu's son but is shocked to learn that he is contesting election as a youth leader. Finally, she kills Muddu who attempts to disturb the electoral process and has his son married to the school teacher's daughter.

## लेकिन

हिन्दी/रंगीन/171 मिनट

**निर्माण/संगीत निर्देशन:** हृदयनाथ मंगेशकर **निर्देशन/पटकथा/गीतकार:** गुलज़ार **मुख्य अभिनेता:** विनोद खन्ना **मुख्य अभिनेत्री:** डिम्पल कपाड़िया **सह-अभिनेता:** अमजद खान **सह-अभिनेत्री:** हेमा मालिनी **बाल कलाकार:** शबाना खान **छायांकन:** मन मोहन सिंह **ध्वनि आलेखन:** नरेन्द्र सिंह **सम्पादन:** सुभाष सहगल **कला निर्देशन:** नितीश रॉय **वेशभूषा:** भानु अथैया **पार्श्व गायक:** सुरेश वाडकर **पार्श्व गायिका:** लता मंगेशकर

राष्ट्रीय संग्रहालय के युवा अधिकारी समीर को एक छोटी जागीरदारी जसोद में महल और किलों की देखभाल के लिए नियुक्त किया जाता है। जसोद की जनता एक सामन्त राजा नन्द परशराम के अत्याचारों से दुखी है। रेलगाड़ी में समीर की मुलाकात एक राजस्थानी लड़की से होती है, लेकिन वह अचानक गायब हो जाती है और समीर दंग रह जाता है। जसोद पहुंचकर समीर जागीर के संग्रहालय के प्रमुख शफ़ी सिद्दिकी की मदद से अपना काम शुरू करता है। महल के टेढ़े-मेढ़े गलियारों में समीर को कई बार वही लड़की दिखाई देती है। उसके मन की उलझन और गहरी हो जाती है। वह लड़की कभी उसे किले के पास खाना पकाते हुए दिखाई देती है और कभी महल के भीतर चलती हुई मिलती है। रेवा नाम की यह लड़की समीर को कई घटनाओं के बारे में बताती है लेकिन अचानक गायब हो जाती है। समीर जयपुर जाता है जहां वह पम्मी से मिलता है और उसके माध्यम से परा-मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर बी.एन. माथुर से परामर्श करता है। डॉक्टर माथुर के अनुसार ये लड़की एक आत्मा हो सकती है जो समय चक्र में फंस गई है और अब 'मुक्त' होना चाहती है। कई कठिनाइयों के बाद समीर रेवा को 'मुक्ति' दिलाने में सहायता करता है।



## LEKIN

Hindi/colour/170 mts.

**Producer:** Hridayanath Mangeshkar **Director:** Gulzar **Leading Actor:** Vinod Khanna **Leading Actress:** Dimple Kapadia **Supporting Actor:** Amjad Khan **Supporting Actress:** Hema Malini **Cinematographer:** Man Mohan Singh **Audiographer:** Narinder Singh **Editor::** Subhash Sehgal **Art Director:** Nitish Roy **Lyricist:** Gulzar **Music Director:** Hridayanath Mangeshkar **Male Playback Singer:** Suresh Wadkar **Female Playback Singer:** Lata Mangeshkar **Costume Designer:** Bhanu Athaiya

Samir, a curator of the National Museum is sent to Jasod, a small jagirdari terrorised by a feudal chieftain, Rajanand Parsram. While on his way to take charge of the palaces and forts, Samir encounters a Rajasthani girl in the train who again surfaces in the interior of the palace. She keeps disappearing mysteriously even as she narrates a series of incidents. Exhausted, Samir finally meets a Para-psychology professor, who believes that the girl's atma (soul) has got entangled in the time-cycle and wants to be free.

## मरुपक्कम

तमिल/रंगीन/85 मिनट

**निर्माण:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि. और दूरदर्शन **निर्देशन/पटकथा:** के.एस. सेतुमाधवन **मुख्य अभिनेता:** शिव कुमार **मुख्य अभिनेत्री:** जया भारती **सह-अभिनेता:** शेखर **सह-अभिनेत्री:** राधा **छायांकन:** डी. वसन्त कुमार **ध्वनि आलेखन:** ए. स्वामीनाथन **सम्पादन:** जी. वेंकटरामन **कला निर्देशन:** बी. चलम **वेशभूषा:** कुप्पूराज **संगीत निर्देशन:** एल. वैद्यनाथन

यह फिल्म एक बाप और बेटे के बारे में है, जिनके जीवन में इतिहास दोहराया जाता है। अम्बी दिल्ली से अपने बीमार पिता वेम्बू अय्यर को देखने कुम्बकोनम पहुंचता है। वेम्बू अय्यर अपनी विद्वता और कठोरता के लिए प्रसिद्ध है। अम्बी अपने पिता को चुपचाप शान्त लेटे हुए देखता है तो उसे बहुत दुख होता है। अम्बी ने जब एक ईसाई लड़की से शादी की तो अय्यर ने उसे बहुत बुरा-भला कहा लेकिन जब उसे पता चला कि वे अलग हो गये हैं तो वह चुप हो गया। अम्बी अपने पिता के मुख से अपनी उस सौतेली माँ का नाम सुनता है जिसे इसलिए अय्यर को छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि उसके संगीत प्रेम के कारण अय्यर की माँ परेशान होती थीं। जब उसने अदालत में अपने गुजारा खर्च के लिए मुकदमा दायर किया तो अपने माँ की सलाह पर उसने उसके खिलाफ बदचलनी का आरोप लगाया। अय्यर का अतीत उसके मन में घूमने लगता है। क्या पति-पत्नी के अलग होने का अभिशाप उनके परिवार में अभी जारी है? अम्बी की मुलाकात एक बंगाली ईसाई लड़की स्वीटी से हुई और दोनों की शादी हो गई। हालांकि अय्यर ने ईसाई लड़की को स्वीकार करने के इंकार कर दिया लेकिन स्वीटी अम्बी के माता-पिता से मिलने की इच्छुक थी। अम्बी अपने माँ-बाप से सम्बन्ध तोड़ने को तैयार नहीं हुआ, जिससे उनमें अनबन रहने लगी और स्वीटी ने उसे तलाक दे देने की धमकी दी। अम्बी का अतीत वापस लौटता है। जब अम्बी अपनी सौतेली माँ को बुलाने की बात करता है तो उसकी मौजूदा माँ गुस्सा होने लगती है। अम्बी को स्वीटी और अपनी इस माँ के दृष्टिकोण में कोई अन्तर नज़र नहीं आता। अन्त में अम्बी का मित्र मूर्ति उसकी समस्यायें हल कर देता है।



## MARUPAKKAM

Tamil/colour/85 mts.

**Producer:** NFDC-Doordarshan **Director/Screenplay—Writer:** K.S. Sethu Madhavan **Leading Actor:** Siva Kumar **Leading Actress:** Jaya Bharathi **Supporting Actor:** Sekhar **Cinematographer:** D. Vasanth Kumar **Audiographer:** A. Swaminathan **Editor:** G. Venkataraman **Art Director:** B. Chalam **Music Director:** L. Vaidyanathan **Costume Designer:** Kuppuraj

